मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 237
सोमवार, 17 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े चिंताजनक, केंद्र को नीति बनानी चाहिए: शरद पवार



**मुंबई, 16 मार्च।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने मराठवाड़ा और विदर्भ में किसानों की आत्महत्या के मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि केंद्र को किसानों की मदद के लिए नीति लानी चाहिए।

पवार का यह बयान राज्य राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा जारी आंकड़ों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें खुलासा हुआ है कि 2024 में महाराष्ट्र में 2,635 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, मराठवाड़ा और विदर्भ से जो जानकारी आई है, वह चिंताजनक है। हम विभिन्न स्थानों से सटीक आंकड़े एकत्र करेंगे। केंद्र को किसानों की मदद के लिए नीति तैयार करनी चाहिए।

राकांपा (एसपी) नेता जयंत पाटिल के अजित पवार के नेतृत्व वाले पार्टी के गुट में शामिल होने की अटकलों पर वरिष्ठ नेता ने कहा कि पाटिल पहले ही मीडिया को अपना बयान दे चुके हैं। पाटिल ने शुक्रवार को बारामती में एक कार्यक्रम में राकांपा (एसपी) प्रमुख से मुलाकात की थी और बाद में कहा था कि वह परेशान नहीं हैं और उनके बयान से गलत निष्कर्ष निकाला गया है।

पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री पवार ने कहा कि खेती में क्रांति आ रही है और जल्द ही गन्ने की खेती में कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, एआई तकनीक का इस्तेमाल गन्ने की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। एआई खेती की प्रक्रिया में कई चीनी मिल हिस्सा लेंगी। चीनी मिलों के कुछ अधिकारियों के साथ आज शाम एक बैठक होने वाली है।

जल्द ही एक क्रांतिकारी निर्णय लिया जाएगा और खेती में एआई का इस्तेमाल जल्द ही शुरू हो जाएगा। पवार ने कहा कि बीड, जो सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के लिए चर्चा में रहा है, कभी एक शांतिपूर्ण जिला था। उन्होंने कहा, बीड में स्थिति कभी ऐसी नहीं थी। यह कभी शांतिपूर्ण जिला था। बीड से मेरी पार्टी के छह लोग चुने गए। हालांकि, उनमें से कुछ ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया और हम इसके परिणाम देख रहे हैं।

## तमिलनाडु में 1,112 करोड़ रुपये से दो इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे: अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली, 16 मार्च।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि तमिलनाडु में 1,112 करोड़ रुपये की लागत से दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे।

यहां से लगभग 55 किलोमीटर दूर श्रीपेरंबदूर में जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स की सातवीं विनिर्माण सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग पिछले एक दशक में कई पारंपरिक उद्योगों को पीछे छोड़ते हुए देश का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बन गया है।

यह नई सुविधा, 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है, जो उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और आईटी हार्डवेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उत्पादन करेगी और भविष्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की सेवा करेगी। जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने किस तरह तेजी से वृद्धि की है और कई लंबे समय से चल रहे निर्यात उद्योगों को पीछे छोड़ दिया है। जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के सह-संस्थापक राहुल शर्मा ने बताया कि यह नया संयंत्र भारत में कंपनी का सातवां संयंत्र है और यह 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है। श्रीपेरंबदूर स्थित यह संयंत्र एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है, जहां लगभग 1,500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के प्रयास में वैष्णव ने कहा कि सरकार तमिलनाडु में दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर स्थापित करने के लिए 1,112 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए हमले की जांच के लिए एसआईटी गठित



**हिमाचल प्रदेश, 16 मार्च।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए हमले की जांच के लिए शनिवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। यहां जारी आदेश के अनुसार, पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सौम्या संबाशिवन एसआईटी का नेतृत्व करेंगी और बद्दी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संदीप धवल, पुलिस उपाधीक्षक चंद्र पॉल और निरीक्षक हरनाम सिंह इसके सदस्य होंगे।

बयान में कहा गया कि टीम के द्वारा की जाने वाली जांच की निगरानी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह करेंगे। पुलिस ने बताया कि बिलासपुर में शुक्रवार दोपहर को ठाकुर पर बाइक से आए चार हमलावरों ने उनके घर पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी के सरकारी आवास के आंगन में बैठे थे, तभी हमलावरों ने 12 बार गोलियां चलाई थीं। इस घटना में ठाकुर और उनके निजी सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ठाकुर के पैर में गोली लगी है।

## असम के मुख्यमंत्री पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं : गौरव गोगोई



**असम, 16 मार्च।** कांग्रेस की असम इकाई के प्रवक्ता रीतम सिंह की शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुई गिरफ्तारी के बाद पार्टी नेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा राज्य पुलिस बल का दुरुपयोग कर रहे हैं।

उन्होंने असम के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछा कि क्या उन्हें ऐसी गतिविधियों के बारे में पता है। गोगोई ने एक्स पर लिखा, लखीमपुर पुलिस की एक टीम कांग्रेस प्रवक्ता रीतम सिंह को हिरासत में लेने के लिए गुवाहाटी आई है। जब मैं उनके (सिंह) आवास पर गया, तो मैंने देखा कि कैसे उन्हें बेरहमी से घसीटा गया और मुझसे बात नहीं करने दी गई। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री असम में एक पुलिस अकादमी का उद्घाटन करने आए हैं। गोगोई ने कहा, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या उन्हें (अमित शाह को) मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा सरकार में पुलिस के दुरुपयोग के बारे में पता है। क्या गृह मंत्री अमित शाह को पता है कि कुछ दिन पहले भाजपा के गुंडों ने असम के दो कांस्टेबलों की दिनदहाड़े बेरहमी से पिटाई की थी और फिर भी उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पुलिस को अवैध गतिविधियों को अपनाने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जो कानून और उच्च न्यायालय के विपरीत हैं। उन्होंने कहा, हिमंत विश्व शर्मा की राजनीतिक मंशा से पुलिस अधिकारियों का ट्रैक रिकॉर्ड खराब हो रहा है। जनता देख रही है। लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक मिहिरजीत गायन ने बताया कि सिंह को दो दिन पहले एक्स पर एक पोस्ट के लिए भाजपा विधायक मानब डेका की पत्नी की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने बताया, हमने उन्हें कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। उन्हें अब लखीमपुर लाया जा रहा है। सिंह ने 13 मार्च को एक्स पर पोस्ट किया था, जिसमें वर्ष 2021 में धेमाजी जिले में दुष्कर्म के एक मामले में अदालत द्वारा तीन लोगों को दोषी ठहराए जाने की खबर का जिक्र था।

## कांग्रेस ने असम में शांति कायम नहीं होने दी, प्रधानमंत्री मोदी ने इसे बहाल किया: अमित शाह



**असम, 16 मार्च।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में शांति कायम नहीं होने दी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बहाल किया, बुनियादी ढांचे का विकास किया और पूर्वोत्तर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया।

शाह ने यहां नवीनीकृत लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों के दौरान असम में 10,000 से अधिक युवा हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और राज्य में शांति लौट आई है।

शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार असम में हाल ही में आयोजित व्यावसायिक सम्मेलन में प्रस्तावित पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश के अलावा तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लाएगी।

गृह मंत्री ने कहा, असम में पुलिस पहले आतंकवादियों से लड़ने के लिए थी, लेकिन अब यह लोगों की मदद के लिए है और इसके कारण पिछले तीन वर्षों में दोषसिद्धि दर पांच प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गई है। यह जल्द ही राष्ट्रीय औसत को पार कर जाएगी। असम और मिजोरम के तीन दिवसीय दौरे पर आए शाह ने यह भी कहा कि लचित बरफुकन पुलिस अकादमी अगले पांच वर्ष में शीर्ष अकादमी बन जाएगी, जिसमें विभिन्न चरणों में कुल 1,050 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

## ओडिशा में होली के जश्न के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**ओडिशा, 16 मार्च।** ओडिशा में शनिवार को होली के दौरान दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ओडिशा के क्योंझर जिले में तेज रफ्तार ट्रक ने शनिवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों को कुचल दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चंपुआ पुलिस थाने के निकट दोलिता चौक के पास आज सुबह यह दुर्घटना उस दौरान हुई जब एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान इवान प्रधान, उनकी पत्नी मथामणि प्रधान और उनके बेटे मंगल प्रधान के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि वे चंपुआ क्षेत्र के सनानी गांव के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि वे उस दौरान इस हादसे का शिकार हुए जब वे होली खेलने के लिए प्रधान के दामाद के घर जा रहे थे।अधिकारी ने बताया, प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई, उनकी पत्नी ने चंपुआ अस्पताल में दम तोड़ दिया और क्योंझर ले जाते समय मंगल की भी मौत हो गई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कटक जिले के नरसिंहपुर थाना क्षेत्र के सीतारामपुर इलाके में शनिवार को हुई एक दुर्घटना में कम से कम दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने बताया कि नरसिंहपुर-कमलडीह मुख्य मार्ग पर यह दुर्घटना उस दौरानहुई जब उनका दोपहिया वाहन बिजली के एक खंभे से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि वे होली मनाकर घर लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। एक अन्य घटना में, भुवनेश्वर पुलिस ने चंद्रशेखरपुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र में एक युगल को उनके घर पर शनिवार को फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया।









# प्रेम व सद्भाव का प्रतीक बना होली का त्यौहार



-तनवीर जाफ़री

भारत की सांझी गंगा यमुनी तहजीब का दर्शन कराने वाला होली का त्यौहार न केवल शांति से गुजर गया बल्कि इस बार की होली प्रेम व सद्भाव की ऐसी मिसाल पेश कर गयी जिसने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यह देश सांझी संस्कृति व सांझे त्योहारों का देश है। यह देश अनेकता में एकता की मिसाल पेश करने वाला देश है। यह देश हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई आदि सभी धर्मों व समुदायों में परस्पर एकता की मिसाल पेश करने वाला देश है। दरअसल इस बार का होली का त्यौहार देश के अमन पसंद लोगों के लिये कई कारणों से चिंता का सबब बना हुआ था। सबसे पहली बात तो यह थी कि केंद्र से लेकर देश के कई महत्वपूर्ण व बड़े राज्यों में उस भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जिनके अनेक नेता समाज में बेरोकटोक जहर घोलते आ रहे हैं। कई नेता ऐसे भी हैं जिन्हें नफरत फैलाने के लिये 'पुरस्कार' स्वरूप मुख्य मंत्री,मंत्री व उपमुख्य मंत्री जैसे पद नवाजे गये हैं। इससे प्रेरित होकर कई आधारहीन नेता भी अपने 'सफल व उज्जवल ' राजनैतिक भविष्य की खातिर साम्प्रदायिकता का खुला कार्ड खेल रहे हैं। और कोई भी जहरीला व विवादित बयान देकर रातों रात सुर्खियों में छा जाते हैं। दूसरी बात यह कि होली से ठीक पहले जिस तरह औरंगजेब व संभल की जुमा मस्जिद विवादित विषयों व उत्तर प्रदेश के एक पुलिस अधिकारी के आपत्तिजनक बयान को लेकर देश के आग लगाऊ दलाल मीडिया ने देश के वातावरण में नफरत का जहर घोलने की कोशिश की और साथ ही उत्तर प्रदेश के उस पुलिस अधिकारी के विवादित बयान को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का समर्थन भी मिला उन सब के मद्देनजर शांतिप्रिय देशवासियों का चिंतित होना स्वाभाविक था।

उधर गत 15 मार्च यानी होली के दिन ही मुसलमानों के पवित्र त्यौहार रमजान महीने में पड़ने वाले शुक्रवार यानी जुमा का दिन भी था। जुमे की नमाज को मुसलमानों में खास अहमियत दी जाती है खासकर रमजान माह के जुमे की तो और अधिक अहमियत होती है। यह दोनों यानी होली और जुमा (शुक्रवार) एक साथ पड़ने से लोगों के दिलों में और भी डर बैठा था कि सत्ता से जुड़े नफरती चिंटुओं की बदजुबानी उनकी गोदी व जहरीली मंशा, नफरती मीडिया की जुगलबंदी के साथ कहीं देश के खुशनुमा माहौल को साम्प्रदायिकता की भेंट न चढ़ा दे। लोगों में डर था की होली जैसे अबीर व गुलाल उड़ाने के रंग बिरंगे त्यौहार में कहीं रंग की जगह भंग न घुल जाये। और पूरा देश टकटकी लगाये सुबह से शाम तक होली और जुमे के संयुक्त आयोजन पर नजरें जमाये बैठा रहा। और होली व जुमा जैसे आयोजनों के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने की दुआयें मांग रहा था।

बावजूद इसके कि शाहजहांपुर,संभल,बरेली,अलीगढ़ व अमरावती जैसी कुछ जगहों से उपद्रवी लोगों द्वारा उकसाने की कुछ कार्रवाई जरूर की गयी। मस्जिदों के सामने आपत्ति जनक गाने बजाये गये। परन्तु रोजदारों ने सहनशीलता का परिचय दिया और शहर दंगों की आग में झुलसने से बच गया। परन्तु देशभर में कुल मिलाकर आखिरकार देश की सांझी तहजीब का परचम लहराया। और जिस होली और जुमे को देश के कई संवेदनशील हिस्सों में हिंसा व दंगे फसाद की संभावना जताई जा रही थी उसी होली ने इस बार प्रेम सद्भाव व भाईचारे की ऐसी मिसाल पेश की जो शायद पहले कभी नहीं देखी गयी। होली व जुमे के बाद दोपहर से ही सोशल मीडिया पर भाईचारे की मिसाल पेश करने वाले जो दृश्य सामने आने शुरू हुये उन दृश्यों ने एक बार फिर यह प्रमाणित कर दिया की नफरत के सौदागरों की लाख कोशिशों के बावजूद देश के आम लोग सिर्फ अमन शांति सद्भाव व भाईचारा चाहते हैं। बिहार व उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न प्रदेशों के कई शहरों से लेकर गत वर्षों दंगों की शिकार हो चुकी दिल्ली के विभिन्न इलाकों के जो दृश्य सामने आये वह हमारी सांझी तहजीब व सांप्रदायिक सद्भाव के जीवंत दस्तावेज थे।

प्रयागराज/इलाहाबाद जहाँ पिछले दिनों कुंभ आयोजन के दौरान मची भगदड़ के बाद स्थानीय मुसलमानों ने अपनी मस्जिदें,मुस्लिम शिक्षण संस्थान,दरगाहें ,इमामबाड़े व अपने घरों के दरवाजे परेशानहाल परदेसी कुंभ श्रद्धालुओं के लिये खोल दिए थे। उसी शहर के होली मनाने वाले हिन्दू भाई नमाज के दौरान अपना डी जे व हर्षोल्लास को न केवल विराम देते नजर आये बल्कि मुस्लिम नमाजियों के साथ उनका सुरक्षा कवच बनकर खड़े रहे। जबकि अन्य कई शहरों से मुसलमानों द्वारा होली खेलने वालों रंग बरसाने की खबरें आईं। अनेक जगहों पर नमाजियों पर हिन्दू भाइयों द्वारा फूलों की वर्षा कर उन्हें होली से जोड़ने व जुमे की बधाई देने का प्रदर्शन किया गया। और कई जगहों से तो हिन्दू मुसलमानों के एक साथ होली के रंग में सराबोर होने के भी समाचार प्राप्त हुये। इस तरह के चित्र व विडिओ पहले भी आते रहे हैं परन्तु इसबार तो कुछ ज्यादा ही भाई चारा नजर आया। इसकी वजह यही थी कि आम लोग नफरती सत्ताधीशों के एजेंडे को कतई स्वीकार नहीं करते। इसमें भी कोई शक नहीं कि देश की जनता के इस अमनपसंद रुख को भांप चुकी पुलिस व स्थानीय प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपनी निष्पक्ष व सद्भाव पूर्ण भूमिका निभाई।

दरअसल यह वह देश है जहां अनेक हिन्दू रमजान में रोजे व मुहर्रम में ताजिया रखते व मातमदारी करते दिखाई देते हैं,जबकि तमाम मुसलमान गणेशोत्सव मनाते व होली खेलते दिखाई देते हैं। आज देश में अनेक दरगाहें,पीरों फकीरों की मजारें व इमामबाड़े पूरी आस्था के साथ हिन्दुओं की देखरेख में चलाये जा रहे हैं। इसी देश की सांझी तहजीब की झलक नजीर अकबराबादी की उस शायरी में नजर आती है जिसमें वह लिखते हैं -गुलजार खिले हों परियों के और मजलिस की तैयारी हो। कपड़ों पर रंग के छींटों से खुश-रंग अजब गुल-कारी हो।। मुंह लाल,गुलाबी आँखें हों,और हाथों में पिचकारी हो। उस रंग-भरी पिचकारी को अंगिया पर तक कर मारी हो।। सीनों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की।। और नजीर अकबराबादी ही यह भी लिखते हैं कि - 'मियां तू हमसे न रख कुछ गुबार होली में। कि रूठे मिलते हैं आपस में यार होली में। मची है रंग की कैसी बहार होली में।। हुआ है जोर-ए-चमन आश्कार होली में। अजब यह हिन्द की देखी बहार होली में।। इसी तरह हजरत निजामुद्दीन औलिया के मुरीद और शायर अमीर खुसरो ने सूफियाना परंपरा से बसंत और होली मनाने की शुरुआत की। खुसरो का यह कलाम आज भी होली के दिन निजामुद्दीन औलिया की मजार पर पढ़ा जाता है। आज रंग है, ऐ मा रंग है री, मोरे महबूब के घर रंग है री। मोहे पीर पायो निजामुद्दीन औलिया, जब देखो मोरे संग है री।। इसतरह के दस्तावेज इस बात के प्रमाण हैं कि भारतीय त्यौहार दरअसल धार्मिक कम सामाजिक व भारतीय त्यौहार अधिक हैं। यही वजह है कि इस बार का होली का त्यौहार देश व दुनिया के लिये प्रेम व सद्भाव का प्रतीक बन गया। आशा की जानी चाहिये कि ऐसी ही शांति व सद्भाव हमारे देश में हमेशा बना रहेगा और जहरीले बोल बोलने वाले राजनेताओं के मंसूबों पर हमेशा पानी फिरता रहेगा।

## 'रजनी की बारात': मिथिला संस्कृति को समर्पित एक आगामी फिल्म

पटना। बॉलीवुड जल्द ही मिथिलांचल की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को बड़े पर्दे पर लाने जा रहा है। फिल्म 'रजनी की बारात' का मुहूर्त शॉट मनोकामना मंदिर, दरभंगा में संपन्न हुआ, जिसमें राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने दरभंगा की समृद्ध विरासत पर गर्व जताया और फिल्म निमार्ताओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने फिल्म की सफलता की कामना भी की। इस फिल्म के निर्देशक आदित्य अमन हैं, जो खुद बिहार से ताल्लुक रखते हैं, और इसे तनया आदर्कर प्रभु व तेज आदर्कर द्वारा एपिफनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया जा रहा है। यह फिल्म दरभंगा की ऐतिहासिक विरासत, परंपराओं और समाज की आत्मीयता को पूरे देश और दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। तनया आदर्कर प्रभु और तेज आदर्कर ने कहा, ₹बिहार संस्कृति और कहानियों का खजाना है। यहां की मिट्टी में असीम संभावनाएं हैं। इस फिल्म के जरिए हम बिहार की समृद्ध परंपराओं को बड़े पर्दे पर लाने का सपना साकार कर रहे हैं।₹ यह फिल्म उल्का गुप्ता (झांसी की रानी फेम) की हिंदी सिनेमा में पहली फिल्म होगी। सहरसा, बिहार से आने वाली उल्का इस फिल्म में रजनी की भूमिका निभा रही है-एक ऐसी लड़की जो सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए अपने पिता की स्कूटी पर खुद अपनी बारात निकालती है। फिल्म में कनिष्क दुबे और अश्वथ भट्ट (राजी, केसरी, द डिप्लोमैट फेम) भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। बिहार की फिल्म इंडस्ट्री के लिए यह एक बड़ा कदम है। पूरी तरह से दरभंगा में फिल्माई जा रही यह फिल्म बिहार सरकार की फिल्म नीति के अनुरूप है, जिससे राज्य को एक उभरते फिल्म हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सरकार के नये आरक्षण फैसले ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है!



अशोक भाटिया

देश में आरक्षण देने के नाम पर सियासी पार्टियां अपनी रोटी सेंकती रहती हैं और चुनाव आते ही आरक्षण का मुद्दा जोर-शोर से उठने लगता है। आने वाले समय में देश के कई राज्यों में चुनाव होने हैं, हाल में कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम ठेकेदारों को निविदाओं में 4% आरक्षण देने के फैसले ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। सिद्धारमैया मंत्रिमंडल ने शनिवार को कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे 1 करोड़ रुपये तक के टेंडरों में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है।

भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने कहा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, अलग विश्वविद्यालय, अलग निर्वाचन क्षेत्र जैसे छोटे-छोटे मुद्दों ने अंततः स्वतंत्रता के दौरान भारत के विभाजन का कारण बना। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इसे धर्मांतरण को बढ़ावा देने वाला कदम बताते हुए कहा कि यह सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए सत्ता और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है और हमारी अर्थव्यवस्था को राजनीतिक अवसरवाद के खेल के मैदान में बदल रही है। बीजेपी ने कहा कि ने कहा कि संविधान के तहत धर्म आधारित आरक्षण अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना भले ही चले गए हों, लेकिन अपने पीछे वे लोग छोड़ गए हैं जो उनकी राजनीति करते हैं। प्रसाद ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में मुसलमान अब ऐसी राजनीति पसंद नहीं करते ह्व प्रसाद ने कहा कि भाजपा मौलाना अबुल कलाम आजाद और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जैसी मुस्लिम हस्तियों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंडमान और निकोबार क्षेत्र में एक द्वीप का नाम परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हामिद के नाम पर रखा है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेता इन दिनों भाजपा पर निशाना साधने के लिए भीम राव आंबेडकर की तस्वीरें लेकर घूमते हैं। उन्होंने आंबेडकर द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की इस बात के लिए की गई आलोचना का हवाला दिया कि नेहरू मुसलमानों के लिए बोलते हैं, लेकिन अनुसूचित जातियों के कल्याण की बात नहीं करते।

कांग्रेस पर तंज कसते हुए प्रसाद ने कहा, वे कई बार हारने के बाद भी सबक नहीं ले रहे हैं। कर्नाटक में यह आरक्षण राहुल गांधी के संरक्षण में बढ़ाया गया है। सिद्धारमैया इसमें खुद इसकी घोषणा करने की न तो हिम्मत है और न ही राजनीतिक ताकत। उन्होंने आगे राहुल गांधी पर वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी सोचते हैं कि वह इस वोट बैंक की राजनीति से नेतृत्व कर सकते हैं। कांग्रेस जो तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के नए मानक स्थापित कर रही है, वे देश के लिए हानिकारक हैं।

मालूम हो कि हमारे देश में कुल पांच राज्य ऐसे हैं, जहां सभी मुसलमानों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। और ये पांचों राज्य दक्षिण भारत से हैं। इनमें तेलंगाना है, आन्ध्र प्रदेश है, कर्नाटक है, केरल है और तमिलनाडु है। असल में भारत का संविधान धर्म के आधार पर किसी समुदाय को आरक्षण देने की बात नहीं कहता। बल्कि ये समाज में पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने की बात कहता है। और इस हिसाब से देखें तो धर्म के आधार पर किसी पूरे समुदाय को आरक्षण देना सही नहीं है और ये भारत के संविधान के भी खिलाफ है।दूसरा वर्ग है, वोक्कालिगा समुदाय का, जिसे डइउ की श्रेणी में अब तक चार प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, लेकिन मुस्लिम आरक्षण खत्म होने के बाद ये कोटा चार प्रतिशत से 6 प्रतिशत हो गया है।

जिस तरह 6 करोड़ की आबादी वाले कर्नाटक में लगभग 80 लाख मुस्लिम आबादी है, ठीक उसी तरह साढ़े तीन करोड़ की आबादी वाले तेलंगाना में 45 लाख मुसलमान रहते हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की कुल आबादी 4 करोड़ 90 लाख है। जिनमें 36 लाख मुसलमान हैं। और केरल की आबादी 3 करोड़ 30 लाख है, जिनमें 90 लाख मुसलमान हैं। और तमिलनाडु की कुल आबादी 7 करोड़ 20 लाख है, जिनमें 42 लाख मुसलमान हैं।

गौरतलब है सुप्रीम कोर्ट इसके पहले कह चुका है कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता है।अदालत ने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की थी । पश्चिम बंगाल सरकार ने यह याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने के लिए दायर की थी, जिसमें 2010 से पश्चिम बंगाल में कई जातियों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल ने दलील दी कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर दिया गया। कलकत्ता हाई कोर्ट ने अपना फैसला इस साल 22 मई को सुनाया था।पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच सुनवाई कर रही है।अदालत ने पांच अगस्त को हुई सुनवाई में पश्चिम बंगाल सरकार से ओबीसी लिस्ट में शामिल की गई नई जातियों के सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन और पब्लिक सेक्टर की नौकरियों में उनके अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर आंकड़े उपलब्ध मांगे थे।इस मामले की अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में 'इंद्रा साहनी बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधार बनाया था । 'इंद्रा साहनी बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट के नौ जजों के पीठ ने 1992 में माना था कि ओबीसी की पहचान केवल धर्म के आधार पर नहीं की जा सकती और उन्हें आरक्षण नहीं दिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि सभी राज्यों को राज्य ओबीसी सूची में किसी जाति को शामिल करने और उनकी पहचान करने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस गवई ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता। इस पर राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि यह धर्म के आधार पर नहीं है।यह पिछड़ेपन के आधार पर है।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यकों की आबादी 27-28 फीसदी है। सुनवाई के दौरान जब सिब्बल ने कहा कि क्या सैद्धांतिक रूप से मुस्लिम आरक्षण के हकदार नहीं हैं। इस पर जस्टिस गवई ने कहा,₹आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता है।₹ इस पर सिब्बल ने कहा,"यह आरक्षण धर्म पर आधारित नहीं है, बल्कि पिछड़ेपन पर आधारित है जिसे न्यायालय ने बरकरार रखा है।हिंदुओं के लिए भी यह पिछड़ेपन का आधार है। पिछड़ापन समाज के सभी वर्गों के लिए आम है।"

मोरारजी देसाई की सरकार ने पिछड़ी जातियों के शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन का पता लगाने के लिए बीपी मंडल के नेतृत्व में मंडल आयोग का गठन एक जनवरी 1979 को किया था। मंडल आयोग ने 1980 में अपनी रिपोर्ट पेश की। इस आयोग ने पिछड़ी जातियों के लिए 27 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की थी।उस समय केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी, लेकिन उसने रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। उनके बाद आई राजीव गांधी की सरकार ने भी इस दिशा में कुछ नहीं किया। कांग्रेस से बगावत कर निकले वीपी सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने का निर्णय लिया।

सरकार ने तीन हजार 743 जातियों को मिलाकर उन्हें ओबीसी में 27 फीसदी आरक्षण दिया गया। उसी मंडल आयोग ने मुस्लिम समुदाय की कुछ जातियों को भी ओबीसी में शामिल किया था । उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल और असम जैसे राज्यों में मुसलमानों की कुछ जातियां ओबीसी का आरक्षण ले रही हैं। लोकसभा के पूर्व सेक्रेटरी जनरल पीडीटी अचारी कहते हैं कि राज्य सरकार को इस बात का अख्तियार है कि वह रिजर्वेशन दे सकता है। यही कारण है कि अलग अलग राज्यों ने रिजर्वेशन दे रखा है। कर्नाटक, तामिलनाडु और केरल आदि में मुस्लिम को ओबीसी कैटिगरी में राज्य सरकार ने रखा है। इसके तहत सरकारी नौकरी और एजुकेशनल संस्थानों में रिजर्वेशन दिया जाता रहा है। यहां नया सिर्फ यह है कि टेंडर प्रक्रिया में रिजर्वेशन दिया गया है। कैबिनेट फैसला ले सकती है और इसमें कोई शक नहीं है। यह अलग बात है कि इस फैसले को संवैधानिक कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। संसद या विधानसभा से पास किसी भी कानून को संवैधानिक अदालत में चुनौती दी जा सकती है। तब अदालत स्क्रूटनी करती है और यह देखती है कि कानून या सरकार का फैसला संविधान के दायरे में है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ज्ञानंत सिंह बताते हैं कि शीर्ष अदालत में सरकारी नौकरी में रिजर्वेशन से संबंधित मसला आया है और मौजूदा मामला टेंडर से संबंधित है। संवैधानिक तौर पर यह रिजर्वेशन शायद ही टिक पाए। क्योंकि संविधान में आर्टिकल 15 व 16 में रिजर्वेशन दिए जाने का प्रावधान है। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में दाखिले के लिए आर्टिकल 15 के तहत प्रावधान है और सरकारी नौकरी में रिजर्वेशन का प्रावधान आर्टिकल 16 में है। पिछली कर्नाटक सरकार (बीजेपी सरकार) ने अप्रैल 2024 में मुस्लिम ओबीसी के रिजर्वेशन को खत्म कर दिया था। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कर्नाटक के मुस्लिम कम्युनिटी की ओर से कहा गया था कि कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का चार फीसदी रिजर्वेशन जो खत्म किया है, उसके लिए कोई उनके पास कोई स्टडी नहीं है। वहीं 26 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक सरकार ने कहा था कि मुस्लिम समुदाय को धर्म के आधार पर नौकरी में रिजर्वेशन न देने का जो फैसला किया गया है वह सोच विचार कर किया गया क्योंकि यह रिजर्वेशन असंवैधानिक है और संविधान के अनुच्छेद-14 व 16 के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम रिजर्वेशन का वह मामला अभी भी पेंडिंग है।

# सर्वार्थ सिद्धि व इंद्र योग में नवरात्र, देश में आएंगी खुशहाली



-सुरेश गांधी

सनातन धर्म में चैत्र नवरात्र सबसे पवित्र पर्व है. चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होती है. इसी दिन से भारतीय नववर्ष प्रारंभ होता है. चैत्र नवरात्रि पर शक्ति स्वरूपा माता दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए नौ रूपों की पूजा की जाती है। इस साल चैत्र नवरात्र का आरंभ 30 मार्च, रविवार से हो रहा है और यह 6 अप्रैल, रविवार को समापन होगा। खास यह है कि इस बार नवरात्र 8 दिन की हैं। क्योंकि इस बार अष्टमी और नवमी तिथि एक ही दिन पड़ रहे हैं. खास यह है कि इस बार कई शुभ योग बन रहे हैं। चार दिन रवियोग तथा तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा। इस समय में घटस्थापना आपके लिए बहुत ही लाभदायक और उन्नतिकारक सिद्ध हो सकता है। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार 30 मार्च को चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रहा है। उस दिन इंद्र योग और रेवती नक्षत्र है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग शाम को 4:35 मिनट से अगले दिन सुबह 06:12 मिनट तक रहेगा। इस योग में आप जो भी कार्य करेंगे। वह सफल सिद्ध होंगे। यह एक शुभ योग है। पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च को शाम 4:27 पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12:49 मिनट पर होगा, उदया तिथि में चैत्र नवरात्रि 30 मार्च को मानी जाएगी। नवरात्र पूजा का आरंभ कलश स्थापना से होता है, जिसे मां का आवाहन करना माना जाता है। यह कलश स्थापना चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में किया जाता है। ऐसे शुभ संयोग में भगवती की उपासना करने से श्रद्धालुओं पर भगवान भास्कर व माता लक्ष्मी की विशेष कृपा होती है। अभीष्ट सिद्धि व सर्व मनोकामना शीघ्र पूर्ण करने वाला यह समय है।

कलश स्थापना मुहूर्त

प्रतिपदा तिथि प्रारंभः 29 मार्च, शाम 4:27 बजे

प्रतिपदा तिथि समाप्तः 30 मार्च, दोपहर 12:49 बजे

कलश स्थापना का शुभ मुहूर्तः सुबह 6:13 बजे से 10:22 बजे तक

अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 12:01 बजे से 12:50 बजे तक

चैत्र नवरात्र तिथि

30 मार्चः नवरात्रि प्रतिपदा, मां शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना

31 मार्चः नवरात्रि द्वितीया, मां ब्रह्मचारिणी पूजा तृतीया- मां चंद्रघंटा पूजा

01 अप्रैलः नवरात्रि चतुर्थी, मां कुष्मांडा पूजा

02 अप्रैलः नवरात्रि पंचमी, मां स्कंदमाता पूजा

03 अप्रैलः नवरात्रि षष्ठी, मां कात्यायनी पूजा

04 अप्रैलः नवरात्रि सप्तमी, मां कालरात्रि पूजा

05 अप्रैलः नवरात्रि अष्टमी, मां महागौरी

06 अप्रैलः नवरात्रि नवमी, मां सिद्धिदात्री, रामनवमी

चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है. ऐसा करने से व्यक्ति की सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आती है. मानसिक सुकून मिलता है. यह पर्व शरीर और आत्मा की शुद्धि का पर्व है. नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना या कलश स्थापना की जाती है. इस साल घटस्थापना के लिए पहला मुहूर्त 30 मार्च 2025 की सुबह 06:13 बजे से 10:22 बजे तक है. वहीं दूसरा मुहूर्त (अभिजीत मुहूर्त) दोपहर 12:01 बजे से 12:50 बजे तक रहेगा. इन मुहूर्तों में कलश स्थापना करना विशेष फलदायक साबित होगा.

हाथी पर आयेंगी और हाथी पर ही प्रस्थान करेंगी

चैत्र नवरात्रि सप्ताह के किस दिन से प्रारंभ और समाप्त हो रही हैं, इससे मां दुर्गा के आगमन व प्रस्थान की सवारी का पता चलता है. इस बार चैत्र नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रही हैं और मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी. जबकि हाथी पर ही प्रस्थान भी करेंगी। चैत्र नवरात्रि में माता की सवारी हाथी है. धर्म-शास्त्रों में मां दुर्गा की हाथी की सवारी को बेहद शुभ माना गया है. माता की हाथी की सवारी शांति, स्मृति, और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. मां दुर्गा की इस सवारी का मतलब है कि यह देश और देशवासियों के जीवन में शांति और समृद्धि लाएगी. इस साल अच्छी फसल होगी और बारिश की भी कमी नहीं होगी। लोगों के धन में वृद्धि होगी। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है।



गुड़ी पड़वां हो या नवरात्र दोनों पवित्र पर्व है। इस तिथि को वर्ष प्रतिपदा और युगादि भी कहा जाता है। इस दिन हिंदू नववर्ष का प्रारंभ हुआ था। ब्रह्म पुराण के अनुसार इस दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि का सृजन किया था। इसलिए इस दिन नया संवत्सर शुरू होता है। अत: इस तिथि को ह्यनवसंवत्सरह्य भी कहते हैं। मान्यता है कि मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। देवी दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्र का प्रारंभ वर्ष प्रतिपदा से होता है। युधिष्ठिर के राज्याभिषेक के साथ युगाब्द यानी युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ भी इसी दिन से माना जाता है। इसी दिन उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रम संवत का प्रारम्भ किया था। भारत सरकार के राष्ट्रीय पंचांग शालिवाहन शक संवत का प्रारंभ भी वर्ष प्रतिपदा को हुआ था। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार 30 मार्च को चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रहा है। उस दिन इंद्र योग और रेवती नक्षत्र है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग शाम को 4:35 मिनट से अगले दिन सुबह 06:12 मिनट तक रहेगा। इस योग में आप जो भी कार्य करेंगे। वह सफल सिद्ध होंगे। यह एक शुभ योग है। खास यह है कि इस बार मां के आगमन व प्रस्थान की सवारी हाथी है। इससे देश और देशवासियों के जीवन में शांति और समृद्धि आयेंगी। इस साल अच्छी फसल होगी और बारिश की भी कमी नहीं होगी। लोगों के धन में वृद्धि होगी। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है

श्रीराम ने की थी पहला नवरात्र व्रत

माता दुर्गा स्वयं शक्ति स्वरूपा हैं और नवरात्रि में भक्त आध्यात्मिक बल, सुख-समृद्धि की कामना के साथ इनकी उपासना करते हैं। नवरात्रि की शुरूआत जिनके द्वारा हुई थी उन्होंने भी माता से आध्यात्मिक बल और विजय की कामना की थी। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, किष्किंधा के पास ऋष्यमूक पर्वत पर लंका पर चढ़ाई से पहले भगवान राम ने माता दुर्गा की उपासना की थी। ब्रह्मा जी ने श्री राम को माता दुर्गा के स्वरूप, चंडी देवी की पूजा करने की सलाह दी थी। ब्रह्मा जी की सलाह पाकर भगवान राम ने प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक चंडी देवी का पाठ किया था। बह्मा जी ने चंडी पाठ के साथ ही राम जी को यह भी बताया कि, पूजा सफल तभी होगी जब चंडी पूजन और हवन के बाद 108 नील कमल भी अर्पित किये जाएंगे। ये नील कमल अतिदुर्लभ माने जाते हैं। राम जी को अपनी सेना की मदद से ये 108 नील कमल तो मिल गये, लेकिन जब रावण को ये बात पता लगी तो उसने अपनी मायावी शक्ति से एक नील कमल गायब कर दिया। चंडी पूजन के अंत में भगवान राम ने जब कमल के पुष्प चढ़ाए तो एक कमल कम निकला। ये देखकर वो चिंतित हुए, लेकिन अंत में उन्होंने कमल की जगह अपनी एक आंख माता चंढी पर अर्पित करने का फैसला लिया। अपने नयन अर्पित करने के लिए जैसे ही उन्होंने तीर उठाया तभी माता चंडी प्रकट हुईं। माता चंडी उनकी भक्ति से प्रसन्न हुईं और उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया। प्रतिपदा से लेकर नवमी तक माता चंडी को प्रसन्न करने के लिए श्री राम ने अन्न जल भी ग्रहण नहीं किया था। नौ दिनों तक माता दुर्गा के स्वरूप चंडी देवी की पूजा करने के बाद भगवान राम को रावण पर विजय प्राप्त हुई। ऐसा माना जाता है कि तभी से नवरात्रि की शुरूआत हुई, और भगवान राम नवरात्रि के 9 दिनों तक व्रत रखने वाले पहले राजा और पहले मनुष्य थे। माता की कृपा प्राप्त करने के लिए भक्तों द्वारा लिये जाने वाले ये व्रत बेहद शुभ फलदायी माने जाते हैं। श्रद्धापूर्वक माता की उपासना करने से जीवन के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

इन राशियों पर बरसेंगी मां की कृपा

ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को ऐश्वर्य, समृद्धि, प्रेम और भौतिक सुखों का कारक माना जाता है। इसका गोचर और स्थिति सभी राशियों को प्रभावित करती है। वर्तमान में शुक्र मीन राशि में स्थित हैं, लेकिन 17 मार्च को वे अस्त हो जाएंगे और 23 मार्च को दोबारा उदय होंगे। शुक्र के पुनः उदय होने से कुछ राशियों के लिए यह समय बेहद शुभ रहेगा, क्योंकि इससे आर्थिक उन्नति, करियर में सफलता और दांपत्य जीवन में सकारात्मक बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं। शुक्र के उदय का सबसे अधिक प्रभाव कुंभ, मकर और वृषभ राशि के जातकों पर पड़ेगा। सूर्य पहुंचे गुरु की राशि में, बुधादित्य और शुक्रादित्य योग बनने से वृषभ राशि वालों के लिए यह समय करियर और वित्तीय स्थिति के लिहाज से विशेष रूप से शुभ रहेगा। जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें इस दौरान अच्छा अवसर मिल सकता है। कार्यस्थल पर आपको अधिक जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं, जिससे करियर में उन्नति के संकेत मिलेंगे। इस दौरान किया गया कोई भी निवेश लाभदायक सिद्ध हो सकता है और पुराने निवेश से अचानक धन लाभ होने के भी योग बन सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुखद वातावरण रहेगा और प्रेम संबंधों में भी मजबूती आएगी। मकर राशि के लिए यह परिवर्तन करियर और व्यक्तिगत जीवन दोनों में महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आएगा। जो लोग लंबे समय से अपने करियर में स्थिरता की प्रतीक्षा कर रहे थे, उनके लिए यह समय नए अवसर लेकर आएगा। व्यापारियों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने के मौके मिल सकते हैं, जिससे भविष्य में आर्थिक मजबूती प्राप्त होगी। इस दौरान विदेश यात्रा के योग भी बन सकते हैं, जिससे कार्यक्षेत्र में नए आयाम खुल सकते हैं। दांपत्य जीवन की बात करें तो जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर होंगे और आपसी समझ बेहतर होगी। कुंभ राशि के लोगों को इस अवधि में धन लाभ होने की संभावना है। आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में भी तरक्की के योग बनेंगे और नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या वेतन वृद्धि मिलने की संभावना रहेगी। व्यापारियों के लिए भी यह समय लाभकारी साबित हो सकता है, क्योंकि नए अनुबंध मिलने या निवेश से लाभ कमाने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी और पुराने विवाद समाप्त होने की संभावना है।

दुर्गा स्तुति मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु मातृरुपेण संस्थितः, या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरुपेण संस्थितः।

या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरुपेण संस्थितः, नमस्तस्यैः नमस्तस्यैः नमस्तस्यैः नमो नमः।।

ॐ अम्बायै नमः ।।

पुनर्वसु व पुष्य नक्षत्र में महानवमी

चैत्र शुक्ल नवमी छह अप्रैल रविवार की सुबह 9:40 बजे तक पुनर्वसु नक्षत्र तथा इसके बाद पूरे दिन पुष्य नक्षत्र के युग्म संयोग में महानवमी का पर्व मनाया जाएगा। इसी दिन श्रद्धालु देवी दुर्गा के नवम स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा कर विशिष्ट भोग अर्पण, दुर्गा पाठ का समापन, हवन, कन्या पूजन व पुष्पांजलि करेंगे। रामनवमी का व्रत करने के साथ, पूजन व शोभा यात्रा भी इसी दिन निकलेगी। पुष्य नक्षत्र का संबंध माता लक्ष्मी से होने से इस दिन भूमि-भवन की खरीदारी, पूंजी निवेश, व्यवसाय या नौकरी की शुरूआत, वाहन, रत्न व आभूषण की खरीदी करना उत्तम रहेगा।

रंगों के अनुसार करें पूजन

चैत नवरात्र में नौ दुर्गा के प्रिय रंगों के अनुसार, उनकी विशेष पूजा होगी। माता शैलपुत्री को पीले रंग का वस्त्र, फल, चंदन, पुष्प तो मां ब्रह्मचारिणी को हरा रंग, देवी चंद्रघंटा को पीला व हरा रंग, कुष्मांडा माता को नारंगी रंग, स्कंदमाता को श्वेत रंग, देवी कात्यायनी को लाल रंग, माता कालरात्रि को नीला रंग, महागौरी को गुलाबी रंग तथा देवी में नौवे स्वरूप में मां सिद्धिदात्री को बैंगनी रंग के वस्त्र, पुष्प, अबीर, चंदन एवं फल का भोग अर्पित होगा।

पूजन विधि

चैत्र नवरात्रि के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें, फिर मंदिर की सफाई करिए. इसके बाद गंगाजल छिड़कर पूजा स्थान को शुद्ध कर लीजिए. इस दौरान देवी मां को लाल चुनरी और लाल पुष्प अर्पित करना चाहिए. वहीं, प्रसाद के रूप में चना और खीर का सेवन करना चाहिए. इसके अलावा घर के मंदिर में धूपबत्ती और देसी घी का दीपक जलाएं. इसके बाद दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ करें और पूजा के अंत में माता रानी से प्रार्थना कर अपनी गलतियों की क्षमा मांगें. पूजा स्थल को शुद्ध करने के लिए गंगाजल का छिड़काव करें। यह स्थान को शुद्ध करने के साथ-साथ वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। देवी माँ को लाल चुनरी और लाल पुष्प अर्पित करें। लाल रंग देवी शक्ति का प्रतीक है और इस दौरान यह रंग शुभ माना जाता है। पूजा में चना और खीर का प्रसाद अर्पित करें। यह प्रसाद मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। पूजा स्थल पर धूपबत्ती और देसी घी का दीपक जलाएं। इससे वातावरण में शांति और सकारात्मकता का संचार होता है। पूजा के दौरान दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ करें। इनका पाठ करने से मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है और संकटों से मुक्ति मिलती है। पूजा के अंत में मां दुर्गा से अपनी गलतियों की क्षमा मांगें और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करें। यह प्रार्थना पूजा का अहम हिस्सा है। नवरात्रि के व्रत और पूजा से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। मां दुर्गा की पूजा से आपके जीवन की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दुख-दर्द से मुक्ति मिलती है। नवरात्रि के दौरान व्रत और पूजा करने से समाज में आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ता है। मां दुर्गा की पूजा से घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है।

# 15 लाख की निधि से पानी पाइप लाइन डालने का काम सुरु

## महेश गायकवाड़ ने नारियल तोड़कर किया भूमिपूजन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पूर्व में सौ फुट रोड पर वार्ड नं. 106 साईं धाम नगर में पानी की समस्या जल्द ही दूर हो जाएगी और रविवार को इस क्षेत्र में महेश गायकवाड़ द्वारा स्वीकृत 15 लाख की विशेष निधि से नए जल पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाएगा।

कल्याण पूर्व के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. वार्ड नं. 106 साईं धाम नगर के नागरिकों ने महेश गायकवाड़ को बताया कि वे अपने क्षेत्र में पानी की समस्या का सामना कर रहे हैं और इस समस्या को उनके ध्यान में लाया। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए महेश गायकवाड ने पानी की इस समस्या को मनपा प्रशासन के ध्यान में लाया. इस समस्या का स्थायी समाधान खोजने के लिए नगर पालिका ने इस क्षेत्र में नई पानी की पाइपें बिछाने के लिए 15 लाख का विशेष फंड स्वीकृत किया है. है इस इलाके में नई जलधारा बिछाने का काम महेश गायकवाड़ ने नारियल तोड़कर शुरू किया इस अवसर पर उप शहर प्रमुख प्रशांत बोटे, प्रभाग प्रमुख शंकर पाटिल, प्रमुख सुमेध हुमने, कृष्णा पाटिल, शाखा प्रमुख प्रशांत अमीन, भगवान पाटिल, शंकर मुट्टेकर एवं सभी पदाधिकारी, साईं धाम नगर की महिलाएं. वर्ग, नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एसएम खान ने विधान परिषद सदस्य संजय केनेकर का किया अभिनंदन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी की तरफ से आज महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य के रूप में संजय केनेकर का नाम घोषित होने पर महाराष्ट्र अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष एसएम खान ने संजय केनेकर का पुष्प गुच्छ अभिनंदन किया तथा उन्हें बधाई दी। खान ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बाबनकुले, मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार तथा महाराष्ट्र बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चौहान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि एक निष्ठावान पार्टी के कार्यकर्ता को जिस तरह से विधान परिषद के सदस्य के रूप में घोषित किया गया, उसके लिए महाराष्ट्र अल्पसंख्यक विभाग धन्यवाद ज्ञापित करता है। ज्ञातव्य है कि एसएम खान, संजय केनेकर के बहुत करीबी माने जाते हैं।

## समाजसेवी काशीप्रसाद मुरारका ने किया शीतल जल केंद्र का उद्घाटन




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** श्री श्याम शीतल जल केंद्र, लिबर्टी गार्डन, मालाड (पश्चिम) का उद्घाटन आज सुप्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी काशीप्रसाद मुरारका द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुंबई हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सत्यनारायण झुनझुनवाला , युवा उद्योगपति और समाजसेवी डॉ अनील काशी मुरारका एवं बडी संख्या में श्री श्याम सेवा केंद्र के सदस्य उपस्थित रहे। जल केंद्र का संचालन श्री श्याम सेवा केन्द्र द्वारा किया जायेगा। पूजा विधि रमेश सिंघानिया एवं यजमान परिवार द्वारा की गई। इस जल केंद्र का निर्माण पूर्व न्यायाधीश स्वर्गीय डी आर धानुका एवं मातुश्री पाना देवी धानुका की पावन स्मृति में उनके सुपुत्र एवं पूर्व मुख्य न्यायाधीश रमेश धानुका, अनीता धानुका तथा उनके परिवार ने कराया। भीषण गर्मी के बीच यह शीतल केंद्र आने जाने वाले राहगीरों की प्यास बुझाएगा।

## धर्मराजा ग्रुप द्वारा होली मिलन समारोह में गायक मोहन राठौड़ ने बांधा समा झूम उठे दर्शक



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के कामतघर रेलवे स्टेशन रोड स्थित राजाराम मंदिर के सामने धर्मराजा ग्रुप के संस्थापक/अध्यक्ष पूर्व नगरसेवक द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस होली मिलन समारोह में भोजपुरी लोकगीतकार मोहन राठौड़ , छोटका खेसारी लाल , ममता रावत सहित आर्केस्ट्रा ग्रुप और अन्य गायकों ने अपनी गायकी और नृत्य से उपस्थित जनता का मन मोह लिया । साथ ही गीतकार मोहन राठौर ने जनता के बीच जाकर नृत्य किया जिसे देखते हुए आये हुए दर्शक भी झूम उठे । वहीं इस होली मिलन समारोह में विधायक महेश चौघुले, भाजपा भिवंडी शहर अध्यक्ष एडवोकेट हर्षल पाटिल , पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी , हनुमान चौधरी , नितेश एंकर , विशाल पाठारे , मयूर चौधरी , महेश जगताप , एडवोकेट व्यंकटेश चिटकन , कल्पेश ठाकुर , विराज पवार , प्रेम तिवारी , मंगेश यादव , प्रवीण मिश्रा , बालमुकुंद शुक्ला , अनिल केसरवानी , दीपक झा , ओमकार पांडे सहित कई गणमान्य उपस्थित थे । सभी का स्वागत सम्मान निलेश चौधरी और धर्मराजा ग्रुप के पदाधिकारियों ने गमछा पहनाकर किया किया ।

## हरिवंश सिंह के छोटे पुत्र दुर्गेश सिंह का दु:खद निधन



**नवी मुंबई (उत्तरशक्ति)।** प्रतापगढ़ के पूर्व सांसद हरिवंश सिंह के छोटे पुत्र एवं शाहगंज के विधायक रमेश सिंह के छोटे भाई दुर्गेश सिंह उम्र 41 वर्ष के अल्प आयु में हृदयघात होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दिनांक 16 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे तुर्भे श्मशान भूमि ए पी एम सी मार्केट के पास नवी मुंबई में विधायक बड़े भाई रमेश सिंह ने मुखाग्नि दे कर अंतिम संस्कार किया। उस अवसर पर मुंबई की जानी-मानी हस्तियां उपस्थित थी , यह अपूरणीय क्षति परिवार एवं सभी शुभचिंतकों के लिए अत्यंत कष्टदायक है। मुंबई से लेकर उत्तर प्रदेश जनपद जौनपुर शाहगंज तक चारों तरफ कोहराम मच गया श्मशान भूमि पर सभी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक प्रकट किया। लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## एसआरएमआईएसटी ने वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता को मजबूत किया

**मुंबई।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमआईएसटी) ने विश्वभर प्रतिष्ठित क्यूएस यूनिवर्सिटी वर्ल्ड रैंकिंग में अपनी महत्वपूर्ण वृद्धि की घोषणा की है, जिससे उच्च शिक्षा में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। इस वर्ष, एसआरएमआईएसटी ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में 88 पायदान चढ़कर 280वां स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय को 11 विषयों में भी स्थान दिया गया है - जो इसके इतिहास में विषयों की सबसे अधिक मान्यता है। विशेष रूप से, गणित को पहली बार शामिल किया गया है, जिससे एसआरएमआईएसटी को 451-500 रैंक बैंड में रखा गया है, जो इसकी बढ़ती शैक्षणिक गहराई और उत्कृष्टता को रेखांकित करता है। एसआरएमआईएसटी के कुलपति प्रो. सी. मुथामिझचेलवन ने टिप्पणी की, यह मान्यता हमारे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के अटूट समर्पण का प्रमाण है। यह हमें अपने शिक्षण, शोध और सीखने की पद्धतियों को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है, यह सुनिश्चित करता है कि हमारे शैक्षणिक कार्यक्रम वैश्विक मानकों के अनुरूप हों और समाज पर सार्थक प्रभाव डालें। इन रैंकिंग में एसआरएमआईएसटी की लगातार बढ़त शिक्षा और शोध में उत्कृष्टता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नवाचार, शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर जोर देने के लिए प्रसिद्ध, विश्वविद्यालय छात्रों को एक अच्छी तरह से गोल शिक्षा प्रदान करता है जो सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुप्रयोग के साथ एकीकृत करता है। क्यूएस द्वारा यह नवीनतम मान्यता एसआरएमआईएसटी के गतिशील शैक्षणिक वातावरण को विकसित करने के चल रहे प्रयासों को रेखांकित करती है जो शिक्षा और उद्योग दोनों से वैश्विक मान्यता प्राप्त करती है।



रविवार को मुंबई के सांताक्रुज ईस्ट हयात होटल के पास पूर्व नगर सेवक ब्रायन मिरांडा और पूर्व नगरसेवक श्रीमती ट्यूलिप मिरांडा के द्वारा अपने फंड से गार्डन का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्घाटन आज कांग्रेस सांसद व मुंबई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ के हाथों हुआ। इस मौके पर कांग्रेस नेता अरविंद त्रिपाठी पीसीसी मेंबर व शरद प्रजापति व्यवसायी ने पुष्प गुच्छ देकर वर्षा गायकवाड का सम्मान किया। छाया: उत्तरशक्ति

# मनपा के सफाई कर्मियों के विभिन्न मुद्दों पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की मुंबई में हुई बैठक

## कर्मचारी आयोग द्वारा लंबित मुद्दों की समीक्षा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** केंद्र की ओर से राष्ट्रीय स्वच्छता आयोग द्वारा लंबित मुद्दों की समीक्षा की गई है। बताया जाता है कि जिसके लिए राष्ट्रीय स्वच्छता आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन, सदस्य बावा सफाईकर्मियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और निर्णय लेने के लिए मुंबई आए थे। सह्याद्री गेस्ट हाउस मलाबार हिल मुंबई में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद भाई परमार द्वारा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन और सदस्य बावा का स्वागत फूलों के गुलदस्ते से किया गया।

इस दौरान अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद भाई परमार ने पीटी मामले के साथ-साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दावों का निपटारा जल्द से जल्द किए जाने की मांग की। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र की शर्त को रद्द किया जाना चाहिए। ऐसी मांग की गई है इस अवसर पर आयोजित एक विशेष बैठक में मनपा आयुक्त भूषण गगरानी और उपायुक्त किरण दिघावकर, घन कचरा व्यवस्थापन विभाग की उपायुक्त संगीता हसनाले सहित मनपा के अनेक अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में हुई चर्चा के दौरान कामगारों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और निर्णय लिए गए।. विशेष रूप से कनिष्ठ पर्यवेक्षकों सहायक मुख्य पर्यवेक्षकों को ओवरटाइम (ओटी) का भुगतान किया जाना चाहिए। इस बैठक में हुई सकारात्मक चर्चा से सफाईकर्मियों में खुशी का माहौल है।क्योंकि अब उन्हें मुंबई में घर मिलने की उम्मीद जागी है। बैठक में यह भी मांग की गई कि सफाईकर्मियों को मौजूदा मकानों का मालिकाना हक दिया जाए। आयुक्त भूषण गगरानी ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में प्रयास किये जायेंगे। बता दें कि अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद भाई परमार लंबे समय से मनपा के सफाई कामगारों की विभिन्न मांगों को अमल में लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के साथ निरंतर बैठके और पत्र व्यवहार करते आ रहे हैं।

## रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया दक्षिण मध्य मुंबई जिला की ओर से चेंबूर पांजरा पोल में निकाला गया मोर्चा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बुद्ध गया स्थान ब्राह्मणों से मुक्त कराने के लिए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के दक्षिण मध्य मुंबई जिला अध्यक्ष संजय डोल्से के नेतृत्व में बिहार सरकार के खिलाफ चेंबूर पांजरा पोल पर मोर्चा निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। बुद्ध गया स्थान को ब्राह्मणों से मुक्त कराने की मांग को लेकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय समाज कल्याण मंत्री रामदास आठवले के नेतृत्व में राज्य भर में आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी तरह, चेंबूर इलाके में जिला अध्यक्ष संजय डोल्से द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भीम अनुयायियों ने भाग लिया और बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बुद्ध गया स्थान को ब्राह्मण मुक्त किया जाना चाहिए ऐसी मांग की। इस मोर्चे के आयोजक आरपीआई के जिला अध्यक्ष संजय डोल्से ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए हुए कहा कि बिहार के बुद्ध गया स्थान को ब्राह्मण मुक्त कराने के लिए आज पूरे देश में भीम सैनिकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है. इस मोर्चे में अणुशक्ति नगर विधानसभा अध्यक्ष सुभाष साल्वे और आरपीआई आठवले गुट के चेंबूर विधानसभा अध्यक्ष रवि गायकवाड़ समेत बड़ी संख्या में पुरुष और महिला भीमसैनिक उपस्थित हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## दहानू शहर में आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में उमड़े राजस्थानी प्रवासी




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के दहानू शहर में होली के त्यौहार पर राजस्थानी प्रवासी संघ 36 कोम द्वारा भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील ने दीप प्रवजलन करके किया। होली स्नेह मिलन समारोह और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार धुलण्डी की शाम 4 बजे से शुरू हुआ जिसमें भव्य राजस्थानी गैर नृत्य और राजस्थान की प्रसिद्ध फागण भजन गायिका इन्द्रा ढावसी एण्ड पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई। महोत्सव का मंच संचालक देवेन्द्र धवल मूलेवा द्वारा किया गया।

राजस्थान प्रवासी संघ,दहाणु द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दहानु के आलावा बोईसर, पालघर, वानगांव समेत जिले भर से राजस्थानी प्रवासी बंधु बहनो ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह कार्यक्रम अपना बाजार चन्द्र,सागर पारनाका मसौली रोड दहाणु में संपन हुआ। कार्यक्रम को सुंदर व सफल बनाने मे पूरी टीम ने अथक प्रयास किया और बड़ी संख्या में इस महोत्सव में लोगो ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पालघर जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, दहानु विधायक विनोद निकोले, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय ज. पाटील, लॉयन्स क्लब चेयरमेन संजय पाटील, बोईसर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र भोणे, पूर्व नगरध्यक्ष मिहिर शाह, हिन्दू जनजागृति संस्था राष्ट्रीय संगठन मंत्री तुलसी छीपा, कोषाध्यक्ष हिम्मत जैन सहित कई बड़ी हस्तियां उपस्थित रहीं।

## चिन्मया इंटरनेशनल विद्यालय के स्पेस एवं एयरोनॉटिकल लैबोरेटरी का किया गया उद्घाटन



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर शहर के पूर्व में वारंगडे गांव में स्थित शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी चिन्मया इंटरनेशनल विद्यालय में स्पेस एवं एयरोनॉटिकल लैबोरेटरी का उद्घाटन अतिथि के तौर पर उपस्थित रिटोर्ट केमिकल्स कंपनी के डायरेक्टर विक्रांत गायतोंडे हाथों किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम विद्यालय के मुख्य व्यवस्थापक शिक्षाविद् डॉ. अनिल कुमार द्वारा सभी परियोजना में आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए की गई। उन्होंने कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बतादें कि चिन्मया इंटरनेशनल विद्यालय के स्पेस लैब में ग्रह ,तारे, चांद के अलावा चन्द्रयान व मंगलयान के मॉडल तथा नासा और इसरो से संबंधित जानकारी लैबोरेटरी में स्थापित की गई है। वहीं ड्रोन और एयरोप्लेन की जानकारी एयरोनॉटिकल लैब में स्थापित की गई है ।मुख्य अतिथि के तौर पर एन.सुरेश कुमार डायरेक्टर 360 ग्रुप ऑफ कंपनीज तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुहास नायक साटम, ₹जो कि नेहरू प्लेनेटोरियम मुंबई से संबंधित है₹, कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में चिन्मया मिशन के टी.बी. ठाकुर चेयरमैन, तथा वाइस चेयरमैन डॉ. पराग कुलकर्णी की गरिमामयी उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इसके अलावा बोईसर तारापुर शहर के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर के पूर्व अध्यक्ष रो. रमेश मित्तल, पूर्व अध्यक्ष रो. वैशाली शिंदे, निर्वाचित अध्यक्ष 2025-26 रो. रामनारायण गोयल , रो. रेखेश जैन व रो.अलका जैन के अलावा बड़ी संख्या में बोईसर तारापुर क्षेत्र गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह प्रयोगशाला चिन्मया विद्यालय में स्थापित अवश्य हुई है परन्तु इस प्रयोग शाला का लाभ जिला परिषद विद्यालय, आश्रम विद्यालय तथा एकलव्य विद्यालय के छात्रों/छात्राओं को भी यह सुविधा प्रदान की गई है। छात्रों को यहां तक आने जाने के लिए परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराने का निश्चय किया गया है। जिससे बोईसर के सभी विद्यालय के छात्र इस वैज्ञानिक सोच का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस प्रयोगशाला का स्थापित होना शिक्षा क्षेत्र में एक अद्भुत क्रांतिकारी कदम है। चिन्मया इंटरनेशनल विद्यालय की प्राचार्या जयश्री मैडम ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## पालघर जिला परिषद में आयोजित पानी की गुणवत्ता विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** राज्य जल व स्वच्छता मिशन के साथ - साथ जिला जल व स्वच्छता मिशन के तहत जिला परिषद पालघर के बिरसा मुंडा सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालव ने की। कार्यशाला में जल जीवन मिशन योजनाओं को लागू करने हेतु आयोजित बैठक में जल गुणवत्ता परीक्षा, शुद्धि प्रक्रिया, स्वस्थ सुरक्षित जल आपूर्ति, साथ ही प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक उपायों पर सविस्तार चर्चा की गई। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति योजना को मार्च के अंत में 100% योजना को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे ने कहा कि प्रशासन को समय पर योजना को पूरा करने के लिए विशेष प्रयास करना चाहिए। ह्यदि सभी संबंधित विभाग एक साथ काम करते हैं, तो जिले के सभी परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पानी मिलेगा। यह जलजनित बीमारी, मृत्यु दर और कुपोषण को रोकने में मदद करेगा।₹ उक्त बातें अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे ने कही। पानी की गुणवत्ता में सुधार के उपाय और शुद्धिकरण प्रक्रियाएं, एफटीके परीक्षण व नमूना संग्रह प्रक्रिया पर मार्गदर्शन, डब्ल्यूक्यूएमआईएस और आईएमआईएस के बीच संबंधों तथा जानकारी को अद्यतन करने का महत्व, विभागीय समन्वय व प्रभावी तरीके लागू करने के लिए अधिकारी कर्मचारी कार्यशाला, जल जीवन मिशन योजना की वर्तमान स्थिति और उद्देश्यों की पूर्ति सहित अनेक विषयों पर कार्यशाला में चर्चा की गई। यह कार्यशाला जिले की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करेगी और साथ ही नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित जल आपूर्ति प्रदान करने के लिए प्रशासन को उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

पालघर जिला परिषद के इस कार्यक्रम से भविष्य में जल स्वच्छता के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन की संभावना व्यक्त की गई। इस कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, परियोजना संचालिका रूपाली सातपुते, जल व स्वच्छता के प्रकल्प संचालक अतुल पारस्कर, कार्यकारी अभियंता (जल आपूर्ति) राजेश पाध्ये प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी:** शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालय:** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# अनियंत्रित होकर बाइक सवार बिजली के खंभे से टकराकर हुआ गंभीर रूप से घायल

## मोहनसराय चौराहे पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के रोहनिया स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहन सराय पुलिस चौकी अंतर्गत कनेरी स्थित गंगा नहर के पास नशे में धुत बाइक सवार बैरवन बिचवा पूरा पटेल बस्ती निवासी 20 वर्षीय सत्यम पटेल नामक युवक अनियंत्रित होकर बिजली की खंभे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिवार वालों ने मौके पर पहुंचकर बगल स्थित अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इसके अलावा मोहन सराय चौराहे पर फोर व्हीलर तथा बाइक की आपस में टक्कर हो गई जिससे लोहता निवासी बाइक सवार दो युवक घायल हो गए तथा कार तथा बाइक दोनों क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त दोनों युवक मुस्लिम परिवार के थे अपने बाकी तीन अलग-अलग बाइक सवार दोस्तों के साथ बाइक से पिकनिक मनाने हेतु चुनार जा रहे थे।

# पीयू को भारत में नेचर इंडेक्स रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में मिला दूसरा स्थान

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने नेचर इंडेक्स रैंकिंग 2024 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही भारत में 125 वां स्थान है। विश्वविद्यालय का काउंट 2 और शेयर 0.74 दर्ज किया गया है, जो इसके शोध और अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। बताते चले कि विश्वविद्यालय द्वारा उच्च श्रेणी के रिसर्च जर्नल्स में प्रकाशन के फलस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। जो विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक शोध क्षमता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा में बढ़ती प्रतिष्ठा को प्रमाणित करती है। नेचर इंडेक्स एक प्रतिष्ठित वैश्विक मानक है, जो शोध पत्रों की गुणवत्ता और प्रभाव को मापता है। यह सूचकांक शिक्षण संस्थानों और शोध केंद्रों के शोध कार्यों का आकलन करता है, जिससे उनकी वैश्विक शोध प्रतिष्ठा को आँका जाता है।इसमें दो प्रमुख मेट्रिक्स का उपयोग किया जाता है। काउंट किसी संस्थान द्वारा प्रकाशित कुल शोध पत्रों की संख्या, किसी शोध पत्र में संस्थान के योगदान का अनुपात, विशेष रूप से जब शोध में कई संस्थान शामिल होते हैं। नेचर इंडेक्स नीति-निमार्ताओं, शोधकताओं और उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण मानक है, जिससे वे उन्नत शोध और नवाचार के लिए संस्थानों की गुणवत्ता का मूल्यांकन कर सकें। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा शोध की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिसके फलस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में, पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने विज्ञान,

## शोध एवं नवाचार में विश्वविद्यालय ने बनाई वैश्विक स्तर पर नई पहचान

प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। साथ ही साथ विज्ञान, पर्यावरण, चिकित्सा, कंप्यूटर विज्ञान और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ शोध सहयोग से शोध कार्य चल रहे है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शोध को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, शोध अनुदान, और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जैसे कई कदम उठाए हैं। उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाएँ, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ अकादमिक सहयोग, इंडस्ट्री- शोध को उद्योगों से जोड़कर व्यावहारिक समाधान विकसित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय को (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा अ+ की उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा डीएसटी-पर्स योजना के अंतर्गत 07 करोड़ 13 लाख रुपये का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश और भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। विश्वविद्यालय अब अंतरराष्ट्रीय शोध मानकों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि ?पूर्वांचल विश्वविद्यालय का मुख्य लक्ष्य शोध कार्यों को प्रोत्साहित करना और वैज्ञानिक नवाचारों में विश्वविद्यालय की भागीदारी बढ़ाना है। शिक्षकों और शोधार्थियों की मेहनत का परिणाम है कि आज पूर्वांचल विश्वविद्यालय इस सम्मानजनक स्थान पर पहुंचा है। इस वर्ष विश्वविद्यालय नेचर इंडेक्सिंग में प्रथम बार आया है, विश्वविद्यालय उच्च श्रेणी के शोध कार्यों को बढ़ावा दे है जिससे हमें आशा ही पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में रैंकिंग में और सुधार हो सकेगा।

# पूर्व सांसद हरिबंश सिंह के छोटे पुत्र दुर्गेश सिंह का निधन

## पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने जताया शोक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। प्रतापगढ़ के पूर्व सांसद जौनपुर जिले के मूल निवासी हरिबंश सिंह के छोटे बेटे



दुर्गेश सिंह के देहावसान की खबर अत्यंत पिड़ादायक है। हृदयगति रुकने के कारण दुर्गेश सिंह का निधन हुआ। दुर्गेश सिंह के देहावसान से हरिवंश सिंह के परिवार की बहुत बड़ी क्षति हुई है। क्योंकि परिवार ने एक प्रतिभाशाली व्यक्तित्व खो दिया है। इन शब्दों में पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने दुर्गेश सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया है।उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि दुर्गेश सिंह शाहगंज (जौनपुर) के विधायक रमेश सिंह के छोटे भाई भी थे। यह परिवार हमेशा समाज के दुख सुख में शामिल होता रहा है। कम उम्र में दुर्गेश सिंह के निधन की कष्टदाई क्षति परिवार एवं सभी शुभचिंतकों के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति दे एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# पांच वर्ष की मासूम बच्चियों ने रखा रोजा, कहा अल्लाह सबाब देगा

**विशाल सोनी,** शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मुस्लिम समाज के चल रहे पवित्र माह रमजान में ऐसी खबरें आती रहती हैं जो सोचने पर विवश कर देती हैं की धर्म ही एक ऐसा है जो इंसान और ईश्वर को जोड़े रखता है।ऊर्जा देता है। ताकत देता है।और बात रमजान की हो तो बात ही कुछ अलग हो जाती है।आज पूरी दुनियां में मुस्लिम समाज रमजान के रोजे रख अपने नफ़्स पर काबू और इस महीने की





फजीलत का लाभ लेने को उतावला रहता है।चाहे बच्चें हो, जवान हो, बूढ़े हो सब के सब अल्लाह की इबादत में लगे हैं।इसी तरह तरह तहसील क्षेत्र के ग्राम जैगहा निवासी दिलशाद अहमद की पाँच वर्षीय पुत्री माहिरा और शाहगंज नगर के मोहल्ला शाहपन्जा निवासी दिलशाद मंसूरी की छह वर्षीय पुत्री आयत ने रोजे रख कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया।सबने कहा की खाना खा लो मगर दोनों मासूम के इरादे इतने नेक और मजबूत थे की गर्मी और भूख इनके हौसले के सामने नही टिक पाए जिसकी चर्चा चहुओर हो रही है।

## निपुण आंकलन में जनपद जौनपुर को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अवगत कराया कि निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से जनपद जौनपुर के कुल 1961 परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता परखने हेतु डायट में अध्यनरत प्रशिक्षुओ द्वारा प्रथम चरण दिसंबर 2024 में 1245 विद्यालयों एवं द्वितीय चरण फरवरी 2025 में 716 विद्यालयों (कुल-1961) मे अध्यनरत कक्षा 01 व 02 के बच्चों का आंकलन कराया गया, जिसमें कुल 1757 विद्यालय निपुण हुए हैं, जो 89.65% रहा। यह प्रदेश में प्रथम स्थान रहा है। जनपद प्रयागराज में 1431, सीतापुर में 1313, हरदोई में 1311, गाजीपुर में 1101, कुशीनगर में 1088, बाराबंकी में 1001, फतेहपुर में 990, उन्नाव में 953, सोनभद्र में 934 विद्यालय निपुण हुए है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद के डायट की पूरी टीम, डीसी ट्रेनिंग समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी, शिक्षण संकुल, अध्यापकगण, शिक्षामित्रगण को ढेर सारी बधाई दी है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मड़ियाहूं तहसील इकाई का गठन, रवि सिन्हा बने तहसील अध्यक्ष

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मड़ियाहूं पत्रकारों के अधिकारों की सुरक्षा और संगठन की मजबूती के उद्देश्य से राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मड़ियाहूं तहसील इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से रवि सिन्हा को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन विस्तार पर विशेष जोर राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार, परिषद के जिला अध्यक्ष तामीर हसन शीबू की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई।



बैठक में जिला प्रभारी शशिकांत मौर्य, जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला सचिव रवि कुमार केशरी और जिला विधि सलाहकार अमित तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में रवि सिन्हा को मड़ियाहूं तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही, तहसील कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार है। तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा, उपाध्यक्ष रोहित पटेल, आशीष मौर्या, सोनू गुप्ता, महामंत्री अभिषेक पटेल, गंगेश निगम पत्रकारों के हितों की रक्षा होगी प्राथमिकता नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाना और उनके सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहना संगठन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिषद के सदस्य हर परिस्थिति में अपने पत्रकार साथियों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। संगठन विस्तार पर चर्चा बैठक में संगठन को मजबूत करने और पत्रकारों को एकजुट करने पर विशेष जोर दिया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष ने किया स्वागत बैठक के अंत में तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों, पत्रकार बंधुओं और जिले से आए वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत और आभार प्रकट किया। यह बैठक पत्रकार सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# मस्जिद में मुकम्मल हुई कुरान तरावीह

## मुल्क की तरक्की और अमन चैन सुकून की मांगी गई दुआ

**रियाजुल हक**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना क्षेत्र के शम्भूगंज मस्जिद में



मुकम्मल हुई कुरान तरावीह, मुल्क की तरक्की और अमन चैन सुकून की मांगी गई दुआ। माह-ए-रमजान इबादत का महीना रमजान शुरू है। खत्म तरावीह पर इमामों का गुलपोशी कर खैरमकदम हुआ। नूरानी माहौल में नमाजियों ने तरावीह खत्म करने के बाद एक-दूसरे से मुसाफा किया और मुबारकबाद दी। रमजान की आमद होते ही अल्लाह की इबादत में मोमिन मशगूल हो जाते हैं। सहरी, इफ्तार, नमाज, तिलावत के साथ ही सभी इबादतगाहों में तरावीह की नमाज भी शुरू हो जाती है। शम्भूगंज की मस्जिद में पन्द्रह दिनों की तरावीह शनिवार देर रात खत्म हुई। मस्जिद के मुतवल्ली हाफिज मोहम्मद असजद खान तरावीह मुकम्मल कराई। तरावीह खत्म होने पर नमाजियों ने दोनों हाफिज को माला पहना कर मुबारकबाद दिया और उनका शुक्रिया अदा किया। उन्हें कपड़े और तोहफे दिए गए। इस दौरान सभी नमामियों में मिठाई बांटी गई। इस मौके पर मोहम्मद सलीम, डॉ.आजाद, मोहम्मद दीन, पत्रकार शाहिद खान, मोहम्मद फरियाद, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद मलतन, फैसल अली व तमाम नमाजी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब रॉयल ने आयोजित किया मटकी फोड़ कार्यक्रम

## अभिताश गुप्ता ने फोड़ी मटकी, लगाया सभी को अबीर गुलाल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। समाज सेवी संगठन लायंस क्लब रॉयल द्वारा होली के अवसर पर उर्दू बाजार स्थित एक गार्डन में होली मस्ती एवं मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा यह पर्व आपसी सौहार्द को बढ़ावा देता है। क्लब अध्यक्ष ने सभी को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें अजय मोदनवाल, आंनद साहू, यश बैंकर, रसाल बरनवाल, राजेन्द्र स्वर्णकार, रूपेश कशौधन,



संजीव साहू, आशीष गुप्ता, राजकुमार कश्यप, जितेंद्र सोनी, शम्भू नाथ सोनी, रवि गुप्ता , विवेक साहू, बालकृष्ण साहू, गोपाल जी साहू विक्रम चौरसिया ने प्रतिभाग किया। विजेता अभिताश गुप्ता को क्लब अध्यक्ष ने उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर फाल्गुनी गीत संगीत पर सभी सदस्यों ने थिरकते हुए मधुर जलपान के साथ त्यौहार का आंनद लिया। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक जायसवाल ने सभी को बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक होली मनाने के लिए धन्यवाद दिया।

# उत्साह और एकत्व के साथ 25वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का सफल समापन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सेवा, समर्पण और एकत्व के पावन संदेश को साकार करते हुए 25वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट (रजत जयंती) का भव्य समापन संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में संपन्न हुआ। 26 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से 24 सर्वश्रेष्ठ टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच खेल कौशल और आध्यात्मिक मूल्यों का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह जानकारी देते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल चरण में भटिंडा, बरेली, आगरा और चंडीगढ़ की टीमों ने शानदार खेल प्रदर्शन कर अंतिम चार में स्थान बनाया। फाइनल मुकाबले में आगरा और भटिंडा की टीमों के बीच जबरदस्त खेल भावना देखने को मिली जिसमें आगरा टीम ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल से प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला जीतकर विजयश्री प्राप्त की। मैन आफ द सिरिज का खिताब श्री दीपक राजपूत (आगरा) को मिला। इस टूनार्मेंट में खिलाड़ियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संपूर्ण टूनार्मेंट सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन निदेर्शानुसार, आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा जी (सचिव, संत निरंकारी मंडल) के नेतृत्व में आयोजित किया




गया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि यह टूनार्मेंट मात्र प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं था अपितु खिलाड़ियों के लिए आपसी सौहार्द्र, प्रेम और एकत्व को जीवंत रूप में अभिव्यक्त करने का माध्यम बना। टूनार्मेंट के भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि, आदरणीय श्री एस. एल. गर्ग (कनवीनर, केन्द्रीय योजना सलाहकार बोर्ड) ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस गरिमामयी अवसर पर संत निरंकारी मंडल की प्रधान, आदरणीय श्रीमती राजकुमारी जी भी उपस्थित रहीं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह आत्म-विकास, अनुशासन, टीम भावना और सामूहिक समर्पण का प्रतीक हैं। यह टूनार्मेंट केवल एक खेल आयोजन नहीं था, बल्कि यह सतगुरु माता जी की शिक्षाओं से प्रेरित एक आध्यात्मिक अभियान था, जिसमें प्रेम, सौहार्द और विश्वबंधुत्व का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। खिलाड़ियों ने मैदान पर केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि मानवता के उच्चतम मूल्यों को अपनाने और प्रसारित करने के उद्देश्य से हिस्सा लिया। संत निरंकारी मिशन के इस अनुकरणीय प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा और एकत्व को जीने का सशक्त मंच भी बन सकता है।

# घर में घुस महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का आरोप

## मनबढ़ युवक से तंग आकर महिला ने थाने पर लगायी न्याय की गुहार

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के पीड़ित महिला के अनुसार शुक्रवार होली के दिन जब घर मे कोई मर्द नही थे महिलाएं घर मे अकेली थी उसका फायदा उठाकर पड़ोस में रह रहे मनबढ़ राहुल शुक्ला नामक युवक शराब के नशे में दरवाजा तोड़कर घर में घुस गया और महिलाओं को जबरदस्ती रंग लगाते हुए अभद्रता करने लगा। जब महिलाये ने इसका विरोध किया तो वह गाली गलौज करते हुए जाती सूचक शब्दो का प्रयोग करने लगा। और दूसरी बार आने की धमकी देते हुए बाहर चला गया। परिवार वालो के आने के बाद 112 पर काल कर मामले की जानकारी देने पर पहुची 112 टीम ने थाने पहुचने को कह कर जैसे ही निकली वैसे ही मनबढ़ युवक अपने दर्जनों साथियो के साथ दोबारा घर मे घुस परिवार को मारने की धमकी देते हुए बवाल मचाया। मनबढ़ द्वारा दलित समाज से आने वाले परिवार के सामने चुनौती रख दी। जो करते बने कर लेना, महिला ने नदेसर चौकी पर युवक के खिलाप प्रार्थनापत्र दिया चौकी प्रभारी नदेशर द्वारा पीड़ित महिला को उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।

# होली का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के बाद पुलिस के जवानों ने खेली होली

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। होली त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के



उपरान्त में आज जौनपुर पुलिस द्वारा खेली गयी होली। जिलाधिकारी जौनपुर, जिला जज जौनपुर, एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर दी गयी बधाई। 15.03.2025 को होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस लाइन, जौनपुर में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी जौनपुर, जिला जज जौनपुर, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सर्किल के क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा एक दूसरे पर फूलों की बारिश कर एवं अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी। इस दौरान लोकगीत गायकों द्वारा फागुन गीत की प्रस्तुति की गयी।

# बाबा विश्वनाथ जी को सुनाया सियाराम संकीर्तन, चढ़ाई ठंडई, लगे हर हर महादेव के नारे

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में होली के पावन अवसर पर काशी ने अपनी समृद्ध परंपराओं का भव्य रूप से निर्वहन किया। काशीवासियों ने बाबा विश्वनाथ को सिया राम संकीर्तन सुनाकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर 55 लीटर ठंडई, 22 लीटर केसर लस्सी, विभिन्न ऋतुफल और



मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया। बाबा का धाम सिया राम के संकीर्तन से गूंज उठा, और भक्त भाव-विभोर हो उठे। शुक्रवार की सुबह से ही विघ्न हरण हनुमान कीर्तन मंडली के प्रमुख राम कुमार के नेतृत्व में संकीर्तन प्रारंभ हुआ। कीर्तन मंडली ने पहले गलियों में भ्रमण कर संकीर्तन किया और फिर बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचकर संकीर्तन की धारा बहाई। भक्तों ने बाबा को 11 लीटर संतरा, 11 लीटर अमरूद, 11 लीटर सेव, 11 लीटर अंगूर, 11 लीटर अनन्नास, 31 लीटर दूध-बादाम की ठंडाई और 22 लीटर केसर लस्सी अर्पित की। साथ ही, फल, मिष्ठान, माला और पुष्प अर्पित कर बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने बाबा विश्वनाथ के दर्शन के साथ ही संकीर्तन का आनंद लिया। ?सिया राम जय राम जय जय राम...? के गगनभेदी जयकारों से पूरा धाम भक्तिमय हो गया। भक्तों की टोली भगवान विश्वनाथ जी से अनुमति लेकर चौसठ्ठी देवी के दर्शन-पूजन हेतु रवाना हुई, जहाँ उन्होंने गुलाल अर्पित कर होली की खुशी साझा की। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जय शंकर शर्मा, शौनक उपाध्याय, हेम अंशुल जैन, अभिजीत विश्वकर्मा, विजय कपूरिया, अजय शर्मा समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## करंट से विवाहिता की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। विद्युत की चपेट में आने से एक विवाहिता की मौत हो गयी। बताया जाता है की नगर के अम्बेडकर निवासी अरविंद उर्फ मटरु की 25 वर्षीय पत्नी संजू रविवार की दोपहर अपने घर के एक कमरे में गयी थी। जहाँ कथित रूप करंट की चपेट में गयी जिससे वह मौके पर ही वह बेहोश हो गयी। परिजनों को जानकारी होने पर आनन फानन में उपचार हेतू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद परिजनों में मौत की खबर से कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन शव को अपने घर लेकर चले गए।

# हनी कान्वेंट स्कूल द्वारा परिक्षा परिणाम घोषित

◆ **टाप छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित**

शाहगंज, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के बड़ागांव स्थित संचालित हो रहे हनी कान्वेंट स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मौलाना एजाज मोहसिन खान रहे। कार्यक्रम संचालन विधिवक्ता पैगाम सिद्दीकी द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में लगभग दो दर्जन से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि मोहम्मद वारिश हाशमी ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक और छात्र, छात्राओ को संबोधित करते हुए बताया शिक्षा ग्रहण करना सभी बच्चों का अधिकार है मगर अभिभावक को चाहिए कि बच्चों के ऊपर शिक्षा का अधिक भर ना डालें विशेष तौर पर छोटे बच्चों को अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है और अभिभावक अपने ऐसे बच्चों को यह जानने का प्रयास करें कि शिक्षा को लेकर बच्चों को किस सब्जेक्ट में रुचि है अतः बच्चों को दूसरी दिशा में शिक्षा ग्रहण करने का प्रेशर ना बनाएं क्योंकि इसका दुष्परिणाम बच्चों के मानसिकता पर पड़ता है और वह जीवन में हमेशा दबाव महसूस करता है। वहीं दूसरी तरफ मुख्य अतिथि



मौलाना एजाज मोहसिन ने बताया बच्चों को शिक्षित वह सफल बनाने में अभिभावक का मुख्य योगदान होता है और बच्चों को नसीहत करते हुए बताया कि व अपने अध्यापक वह मां-बाप का सम्मान करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बड़ागांव यूथ क्लब के अध्यक्ष रईस अहमद ने कार्यक्रम उपस्थित सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक सैयद आले रजा, डायरेक्टर सैयद फैज रजा, प्रधानाचार्य शहनूर फातिमा, अध्यापक पैगाम सिद्दीकी, शानू खान, व अध्यापिका आरजू, गुलफ्शा, तफसीर, ज्योति, सदफ, जाकिर हुसैन समेत अन्य अभिभावकगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी ने मछलीशहर के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.अजय सिंह को जिलाध्यक्ष किया घोषित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी ने मछलीशहर के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अजय सिंह को जिलाध्यक्ष कर दिया है घोषित, संगठन की ओर से ढाई बजे का समय निर्धारित किया गया था, जिसको लेकर चुनाव के बाद से ही ऊहापोह की स्थिति थी। अंततः मछलीशहर भाजपा को नया जिलाध्यक्ष मिल गया है। वहीं अब जौनपुर में पार्टी किस वर्ग को और किस व्यक्ति को जिलाध्यक्ष बनाएगी इस पर



मंथन चल रहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर भाजपा फूंक-फूंककर कदम रख रही है ताकि पार्टी का अंर्तकलह बाहर न आने पाए और किसी ऐसे चेहरे को पार्टी की कमान सौंपी जाए जो सबको साथ लेकर चले। यही वजह है पार्टी ने जौनपुर के जिलाध्यक्ष को लेकर अभी भी मंथन कर रही है। फिलहाल मछलीशहर के नए जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# जफराबाद पुलिस ने 8 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। विशेष अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना जफराबाद पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय के किरतापुर दरिबा व सैदपुर में आपसी विवाद करने वालों को शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। नाम पता गिरफ्तार आरोपी 1.किसन सरोज पुत्र रामचन्दर सरोज निवासी सैदपुर थाना जलालपुर जौनपुर। 2.सौरभ कुमार पुत्र स्व0 राजेश कुमार निवासी किरतापुर थाना जफराबाद जौनपुर। 3.प्रियांशू पुत्र रमेशचन्द्र निवासी किरतापुर थाना जफराबाद जौनपुर। 4.दीपक कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी किरतापुर थाना जफराबाद जौनपुर। 5.अतुल कुमार पुत्र महेन्द्र राम निवासी किरतापुर थाना जफराबाद जौनपुर। 6.बृजेश गिरी पुत्र शरद गिरी निवासी दरिबा थाना जफराबाद जौनपुर। 7.कृष्णा गिरी पुत्र उदित नारायण गिरी निवासी दरिबा थाना जफराबाद जौनपुर। 8.मंदन गिरी पुत्र शोभनाथ गिरी निवासी दरिबा थाना जफराबाद जौनपुर।

## बेड पर पड़ा मिला किशोरी का शव

**रायबरेली (उत्तरशक्ति)**। यूपी के रायबरेली में शनिवार की रात किशोरी का शव बेड पर मिला। उसके गले में रस्सी का फंदा लगा था। प्रथम दृष्टया खुदकुशी किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मौके से कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है। पिता ने पुलिस से जांच करने की मांग की है। घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ढेकवा का है। यहां के निवासी शिव प्रसाद ने बताया कि वह शिवगढ़ कस्बा में चाऊमीन की दुकान चलाते हैं। वह शनिवार को पत्नी व बच्चों के साथ दुकान पर थे। घर पर उनकी बेटी आरती (15) अकेली थी। देर रात करीब 10.30 बजे घर पहुंचे तो देखा कि बेटी का शव बेड पर पड़ा था। गले में रस्सी का फंदा पड़ा था। बेटी घर पर ही रहती थी। किशोरी का शव जिस तरह मिला, उससे ग्रामीण हत्या किए जाने की आशंका भी जता रहे हैं। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद किशोरी की मौत की सही वजह सामने आएगी। घटना की पड़ताल कराई जा रही है।

## पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से नाराज लोगों ने थाने का किया घेराव

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)**। होली के दिन जहानागंज में एक हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद दूसरे दिन एक समुदाय के लोग एकत्र होकर दूसरे समुदाय के लोगों पर हमला कर दिया। इससे कई लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद मौके पर पीएसी व पुलिस बल तैनात रही। सीओ सदर भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किए। वहीं, पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते रविवार को थाने का घेराव कर दिया। जहानागंज थाना क्षेत्र के बढ़हलगंज गांव में 14 मार्च को होली मनाई जा रही थी। इसी दौरान दो समुदाय के बीच झड़प हो गई। मौके पर पीएसी लगानी पड़ी। सीओ समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले का शांत करा दिए। इसके बाद दूसरे दिन हनुमान मंदिर पर भजन कीर्तन चल रहा था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के लोग असलहा, चाकू व चापड़ लेकर फिर मंदिर के पास पहुंचकर दया शंकर, राजेंद्र, शोनू और रबी जायसवाल पर हमला किया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ितों ने बताया कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और कहा कि वे अगली बार कोई बचेगा नहीं। पीड़ितों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, इस मामले में पुलिस कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित पक्ष के घरों में ही छापेमारी कर रही है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि शनिवार की रात करीब दो बजे पूर्व प्रधान शिवधनी जायसवाल के घर में पुलिस घुसी और उन्हें परेशान किया। इससे क्षुब्ध होकर एक समुदाय के लोगों ने रविवार को थाने का घराव कर दिया। जमकर थानाध्यक्ष के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए। जहानागंज में दो पक्ष जो आमने सामने रहते हैं। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। शीघ्र ही इन्हें रिमांड पर लेने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सगड़ी**। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के घाघरा गांव के पास लाटघाट-रौनापार मार्ग पर बाइक से बेटी के घर जा रहा पिता को चार पहिया वाहन से टक्कर मार दिया। इस हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रौनापार थाना क्षेत्र के रोहुवार पांडेयपुरा गांव निवासी महादेव (70) शुक्रवार को होली के दोपहर 2.30 बजे अपनी बाइक से अपनी बेटी के घर बिलरियागंज जा रहे थे। इस दौरान लाटघाट-रौनापार मार्ग पर घाघरा गांव के पास पहुंचे ही थे कि चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। इससे महादेव बुरी तरह से घायल हो गए। जब तक उनको अस्पताल में पहुंचने की तैयारी की जाती तब तक उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही होली की खुशी मातम में बदल गई। मृतक दो पुत्री का पिता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस चौकी इंचार्ज जफर खान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट मे आने से युवक मौत, गांव में कोहराम

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)**। चौबेपुर क्षेत्र के राजवारी पुल के समीप रविवार की दोपहर ढाई बजे अरविन्द निषाद उम्र 37 वर्ष जो सिधौना बाजार गाजीपुर से ट्रेन की पटरियों से होकर घर लौट रहा था कि वाराणसी से गाजीपुर की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी आनें से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक को दो लड़कियां है। पहले नंबर की रिया निषाद उम्र 12 वर्ष दूसरे नंबर की प्रिया निषाद उम्र 8 वर्ष का है। मृतक अरविन्द निषाद मुम्बई में रहकर प्राईवेट नौकरी करता था। वह होली पर्व पर अपनें घर आया था। घर से सुबह ही भोजन करके सिधौना बाजार निकला था। वह तीन भाईयों में बीच का था। दो बहनें भी हैं।घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा चौकी प्रभारी कैथी मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

## छत के मलबे में दबकर युवक की मौत

**वाराणसी,अमिलो**। भगतपुरा मोहल्ले में शनिवार की दोपहर तीन बजे छत तोड़ने के दौरान एक युवक की मलबे में दबकर मौत हो गई। वहीं, उसका दोस्त बाल-बाल बच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिवार में मातम छाया हुआ है। भगतपुरा मोहल्ला निवासी प्रताप (34) अपने ही घर की मरम्मत कराने के लिए जर्जर छत को साथी अरविंद के साथ तोड़ रहा था। अचानक छत ढह गई। छत ढहने से उसके मलबे में दबकर प्रताप की मौत हो गई। वहीं, अरविंद बाल-बाल बच गया। प्रताप मजदूरी करता था। वह दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वह दो बेटियों का पिता था।

## रेलवे स्टेशन से चलेगी 11 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन

**गोरखपुर(उत्तरशक्ति)**। यात्रियों की सहूलियत के लिए पूर्वोत्तर रेलवे विभिन्न स्टेशनों से बड़े शहरों के लिए ट्रेनों का संचालन कर रहा है। त्योहार मनाकर वापस लौटने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन गोरखपुर से 11 जोड़ी ट्रेनों का संचालन करा रहा है। जिन यात्रियों को प्रमुख ट्रेनों में जगह नहीं मिल रही वह स्पेशल ट्रेनों से अपने गंतव्य को पहुंच सकते हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि होली के बाद यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिए 46 त्योहार विशेष ट्रेनें 198 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिए 40 त्योहार विशेष ट्रेनें 184 फेरों में चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से होकर कुल 86 त्योहार विशेष ट्रेनें 382 फेरों में चलाई जा रही हैं। इन विशेष ट्रेनों से यात्रा का विकल्प चुनकर रेल यात्री अपनी यात्रा को सुगम एवं आनंददायक बना सकते हैं। होली पर यात्रियों के अतिरिक्त आवागमन को देखते हुए भीड़ प्रबंधन के लिए प्रमुख स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। इसमें यात्री पहुंचने लगे हैं। होल्डिंग एरिया में पीने के पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है।

## सेप्ट यूनिवर्सिटी ने समर 2025 के लिये वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की घोषणा की

**मुंबई**। सेप्ट यूनिवर्सिटी ने हाल ही में अपने समर 2025 कोर्सेस के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की घोषणा की है। यह पाठ्यक्रम उन सभी विद्यार्थियों के लिए खुला है जिन्होंने 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, साथ ही पेशेवरों के लिए भी। उनका नामांकन इस आधार पर किया जाएगा कि उनकी शिक्षा उनके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के साथ कितनी सुसंगत है। इच्छुक छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण 19 मार्च, 2025 को दोपहर 12:00 बजे शुरू होगा और 21 मार्च, 2025 को शाम 6:00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा। समर पाठ्यक्रम प्रारंभ तिथियों के लिए पंजीकरण ऑनलाइन और भारत के भीतर / विदेश में यात्रा मोड से अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए 19 मई, 2025 तक और सेप्ट में



परिसर में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए 26 मई, 2025 तक किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन और कोर्सेस के बारे में जानकारी https://sws.cept.ac.in/ पर उपलब्ध है।

इन कोर्सेस के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, एकेडमिक्स के डिप्टी प्रोवोस्ट प्रोफेसर चिरायु भट्ट ने कहा, सेप्ट का एसडब्ल्यूसी प्रोग्राम विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है। सहपाठियों के साथ सीखने से उन्हें विविध दृष्टिकोणों की समझ मिलती है, और क्रेडिट अर्जित कर वे अपनी शैक्षणिक लचीलापन बढ़ा सकते हैं। हमारे कोर्सेस की अंतर्विषयक प्रकृति विद्यार्थियों को नए क्षेत्रों को खोजने और अपने बौद्धिक क्षितिज का विस्तार करने का अवसर देती है, साथ ही उन्हें शिक्षण की नवीनतम विधियों का अनुभव भी मिलता है। सेप्ट यूनिवर्सिटी भारत में समर एण्ड विंटर स्कूल्स की नई अवधारणा को जल्दी अपनाने वालों में शामिल है। यह अवधारणा यूरोप की शिक्षा प्रणालियों में पाई जाती है। समर और विंटर, यह छमाही शब्द दो से चार सप्ताह के गहन कोर्सेस की पेशकश करते हैं, जिनमें विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्वपूर्ण अंतर्विषयक अवसर मिलते हैं। सेप्ट का मुख्य उद्देश्य है सहपाठियों के बीच पढ़ाई, युक्तियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को उनकी रुचि के कोर्सेस करने का प्लेटफॉर्म देना। यह उनकी शैक्षणिक अपेक्षाओं से अलग होता है। परिणाम में, सेप्ट यूनिवर्सिटी सभी यूनिवर्सिटीज और शैक्षणिक धाराओं के विद्यार्थियों को इन प्रोग्राम्स में एनरोल होने के लिये प्रोत्साहित करती है। यह कोर्सेस असरदार रहें, ऐसा सुनिश्चित करने के लिये उन्हें पेशेवरों, शिक्षाविदों, कलाकारोंऔर भारत तथा विदेशों के विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाया जाता है।

## प्रगतिशील कुमावत द्वारा होली स्नेह मिलन मनाया



**चिराना**। प्रगतिशील कुमावत समिति द्वारा लोहार्गल स्थित गणेश मंदिर में समिति अध्यक्ष रामनिवास कुमावत की उपस्थिति में होली स्नेह मिलन मनाया गया। जानकारी देते हुए सचिव अमोलक पारमुवाल ने बताया कि समिति के सदस्यों के समक्ष इस मौके पर कार्यकारिणी के चुनावों की चर्चा भी की गई तथा यह भी बताया कि कई भामाशाह मंदिर में नए निर्माण कार्य शुरू करने की मंशा रखते हैं इसके लिए समिति के पदाधिकारी आपसी चर्चा कर निर्माण स्थल का निर्धारण शीघ्र करे ताकि समय पर भामाशाहों को अवगत करवाया जा सके। कार्यक्रम में जो भी बाते बनी उनका प्रस्ताव अंकित किया गया है। इस दौरान समिति संरक्षक डॉ.राजेंद्र कुमावत,संतोष कुमार कुमावत अध्यापक,उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र प्रजापति,कोषाध्यक्ष राजेंद्र घोडेला, मूलचंद बिंवाल,शेखर मरेठिया, रामावतार पारमूवाल,लालचंद पिपराली,बाबूलाल उज्जीवाल, भारत,नन्दलाल आदि उपस्थित रहें।

## फुटबॉल+ समिट 2025 का आयोजन




**मुंबई**। माराकाना के रोमांच, पीली जर्सियों की चमक और ब्राजील के फुटबॉल की बेमिसाल शान के बारे में सोचिये। अब कल्पना कीजिये कि वही ऊर्जा और विरासत चेन्नई में आ रही है। फुटबॉल+ समिट 2025 चेन्नई शहर को फुटबॉल का ग्लोबल हब बनाने के लिये तैयार है। इसमें न सिर्फ इंडस्ट्री के लीडर, बल्कि वे नायक भी होंगे, जिन्होंने फुटबॉल की एक पीढ़ी को परिभाषित किया है। बुकमायशो पर अर्ली-बर्ड टिकट्स की घोषणा ने रोमांच की एक लहर पैदा कर दी है। यह कोई आम कॉन्फरेंस नहीं है, बल्कि इसमें इतिहास को दोहराया जाएगा और फुटबॉलिंग की कला के शिल्पकारों से सीखने का मौका मिलेगा। लक्जरियस आईटीसी ग्रैण्ड चोला 31 मार्च से 1 अप्रैल, 2025 तक एक अभूतपूर्व जमावड़े की मेजबानी करेगा, जहाँ फुटबॉल का भविष्य और गौरवशाली अतीत आमने-सामने होंगे। फुटबॉल प्लस एकेडमी और फुटबॉल+ समिट के फाउंडर डेविड आनंद ने कहा, इन लेजेंड्स को चेन्नई लेकर आना एक सपने के सच होने जैसा है। हम ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहे हैं, जहाँ फुटबॉल के भारतीय शौकीन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ से मिल सकें। उनके अनुभवों से सीखें और लंबे समय तक टिकने वाले रिश्ते बनाएं।

## हरिद्वार में नेशनल यूनियन ऑफ इंडिया का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

**हरिद्वार**। देश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन नेशनल यूनियन ऑफ इंडिया (एनयूजे-आई) के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन हरिद्वार में किया गया।इस अधिवेशन में देश के 24 राज्यों से एनयूजे-आई से जुड़े मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 8 और 9 मार्च 2025 को आयोजित दो दिवसीय एनयूजे-आई राष्ट्रीय अधिवेशन में पत्रकारिता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य इकाई की ओर से अध्यक्ष हंसराज कनौजिया,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्य के प्रभारी शिवा कुमारउपाध्यक्ष बाबा लौंढे, जनरल सेक्रेटरी पी सी कापड़िया, सेक्रेटरी मनीष शेठ और सुनील निकम,अर्जुन कांबले उपस्थित थे।उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री




पुष्कर सिंह धामी, ने वर्चुअल रूप से अधिवेशन को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकारों के हितों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित न हो पाने पर खेद जताया।वही, इस अधिवेशन में उपस्थित मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में घोषणा की कि उत्तराखंड पहला राज्य होगा, जहां प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने उत्तराखंड टीम को सुझाव दिया कि अगला अधिवेशन मसूरी में आयोजित किया जाए। आजादी के बाद से अब तक पत्रकारिता के स्वरूप में काफी बदलाव आया है। उत्तराखंड राज्य के निर्माण पत्रकारों के सहयोग को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उक्त बातें उतराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) के राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने कहा कि हमारे सम्मुख जो भी पत्रकारों की पीड़ा अथवा उनके हितों की बात सामने आई है, आपकी जो पत्रकार एक्ट की मांग है, मैं उसे आपके वकील बनकर मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा। उन्होंने कहा कि विश्वास दिलाता हूं कि जिस तरह यूसीसी बनाने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, उसी तरह उत्तराखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाएगा।? उन्होंने कहा पत्रकार समाज का आईना है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ सरकार को उनकी कमियों से भी अवगत कराते हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एनयूजेआई का अगला सम्मेलन मसूरी में आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया।

## 13 राज्यों के बुनकरों की साड़ियों की लगी प्रदर्शनीप्रदर्शनी में मॉडल्स ने किया सिल्क साड़ियों का प्रदर्शन

**पटना (उत्तरशक्ति)**। वेडिंग सीजन के आगमन को लेकर उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट अपने सिल्क इंडिया प्रदर्शनी के साथ एक बार फिर बिहारवासिओं को लुभाने के लिए तैयार है। वेडिंग समारोह सहित अन्य विविध कार्यक्रमों के अनुकूल सिल्क साड़ियों की व्यापक श्रृंखला एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट ने पटना के इस्कॉन मंदिर में सिल्क इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इस आठ दिवसीय प्रदर्शनी में ग्राहकों को वेडिंग के लिए साड़ियों व ड्रेस के कई स्पेशल वेराइटीज मिलेंगे। प्रदर्शनी में 13 राज्यों की विशेष हैंडलूम साड़ियां ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी के पश्चात पीहू, रूपा, भारती, अंतरा, आंचल, अभिलाषा सहित अन्य माडल्सों ने भारत के विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए




गए साड़ियों का रैंप वॉक के माध्यम से प्रदर्शन किया। उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक मानस आचार्य ने कहा कि हमारी संस्था सिल्क बुनाई कला को जीवित रखने के लिए पिछले कई सालों से निरंतर काम कर रही है। इस प्रदर्शनी में देश के कोने-कोने से आए बुनकरों द्वारा सिल्क की बहुत सारी वैरायटियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। मानस ने बताया कि 22 मार्च, 2025 तक आयोजित यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से रात 9:00 बजे तक ग्राहकों को अपनी सेवा देगी। सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में देश के विविध स्थानों की लोकप्रिय वैरायटी की मनमोहक साड़ियां एवं ड्रेस मटेरियल पेश किए गए हैं। इस भव्य प्रदर्शनी में देश के विविध प्रांतों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय वैरायटी का चुनिंदा संग्रह प्रदर्शित किया गया है। यहां प्रस्तुत हर साड़ी एवं ड्रेस मटेरियल अपने आप में अद्वितीय और मनमोहक हैं। मानस ने कहा कि इस प्रदर्शनी में लगे 70 प्लस स्टॉल्स में ग्राहकों के लिए सिल्क साड़ी, सूट्स, ड्रेस मैटेरियल्स, स्टॉल्स, कुर्ती, दुपट्टा, कुर्ता, फुटवेयर्स सहित घरेलु सजावट के सामान उपलब्ध हैं। प्रदर्शनी में ग्राहकों को अलग-अलग राज्यों की प्रसिद्द सिल्क साड़ियों का बेहतरीन संग्रह मिलेगा जिनमें उड़ीसा की संभलपुरी इक्कत सिल्क, बिहार की ऑर्गेनिक टस्सर सिल्क, असम की मुंगा एवं एरी सिल्क, कर्नाटक की क्रेप, जॉर्जेट और अक्रणी सिल्क, तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, यूपी की मलबरी, जमवार और जामदानी सिल्क, छत्तीसगढ़ की कोसा सिल्क, जम्मू एंड कश्मीर की चीनों और टेडी सिल्क, राजस्थान की कोटा सिल्क, पंजाब की फुलकारी ड्रेस सहित अन्य राज्यों की सिल्क और ड्रेस मटेरियल शामिल है। उन्होंने बताया कि हम ग्राहकों को सिल्क साड़ियों पर विशेष छूट दे रहे हैं। ग्राहकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। यहाँ ऑनलाइन पेमेंट की सभी सुविधाएं यहाँ मौजूद हैं।



काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष, शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता तुलसीराम केवट अपने इष्ट मित्रों संग रंग अबीर लगाकर हर्षोल्लास पूर्वक होली का उत्सव मनाते हुए। छायांकन :- उत्तरशक्ति

## वाराणसी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरी व भदोही में दीपक मिश्रा बने जिलाध्यक्ष

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी**। पूर्वांचल में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्षों की सूची जारी होते ही समर्थकों एवं पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। वाराणसी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरी, भदोही में दीपक मिश्रा, मछलीशहर में डॉ. अजय कुमार सिंह, सोनभद्र में नंदलाल गुप्ता, आजमगढ़ में ध्रुव कुमार सिंह, बलिया में संजय मिश्रा, लालगंज मतें विनोद राजभर, मउ में रामाश्रय मौर्य, वस्ती में विवेकानंद मिश्रा के नाम की घोषणा हो चुकी है। जबकि जौनपुर वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर सहित कई जिलों के जिलाध्यक्ष के नाम को अभी होल्ड पर रखा गया है। प्रदीप अग्रहरी 2014 से 2019 तक महानगर अध्यक्ष रह चुके हैं। इन्हें संगठन के कुशल नेतृत्व के लिए जाना जाता है। जबकि भदोही में दीपक मिश्रा को पुनः जिम्मेदारी सौंपी गयी। वाराणसी में भाजपा के महानगर अध्यक्ष के तौर पर प्रदीप अग्रहरी व भदोही में दीपक मिश्रा के नाम की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हज कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्य सरवर सिद्दीकी ने दीपक मिश्रा को बधाई देते हुए बताया कि भाजपा भदोही जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक बैठक जिला भाजपा कार्यलय जोरई ज्ञानपुर में आयोजित की गयी। बैठक में भाजपा कांशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष धनश्याम मिश्रा, संतोष पाण्डेय, कन्हैया मिश्रा, हौसिला पाठक, विनय कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रभारी नागेन्द्र सिंह रघुवंशी, दिनेश कुमार राय जिला चुनाव अधिकारी, सरवर सिद्दीकी सदस्य हज कमेटी



उत्तर प्रदेश सरकार, घनश्याम गुप्त चेयरमैन ज्ञानपुर, ब्लाक प्रमुख श्रीमती बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।

चुनाव अधिकारी भाजपा दिनेश कुमार राय ने दीपक मिश्रा को भाजपा भदोही जिला अध्यक्ष घोषित किया। दीपक मिश्रा के नाम की घोषणा होते ही तालियों बजने लगी और लोगों ने उन्हें बधाई दरी। पूर्व मंत्री दीनानाथ भास्कर, प्रियंका जायसवाल, बृजेश गुप्ता, प्रदीप सिंह, डा राकेश दुबे, राकेश तिवारी पप्पू, सरवर सिद्दीकी सदस्य हज कमेटी उत्तर प्रदेश सरकार आदि ने चुनाव का स्वागत किया है और दीपक मिश्रा को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इसी तरह वाराणसी महानगर अध्यक्ष के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता, कुशल संगठनकर्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा प्रदीप अग्रहरी को पुनः भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोनित किया गया। उनके मनोनयन पर राजकुमार जायसवाल ने बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा पहले से और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने के साथ ही संगठन को निचले स्तर तक मजबूती प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। बता दें, उत्तर प्रदेश में भाजपा जिलाध्यक्षों की नई सूची तीन महीने इंतजार बाद जारी हो गई. इन 70 नामों में 25 ओबीसी, अनुसूचित जाति के छह और सामान्य वर्ग के 39 चेहरे हैं. इसमें 19 ब्राह्मणों ने बाजी मारी है. 70 नामों से 22 भाजपा नेता दोबारा जिलाध्यक्ष बने हैं. बीजेपी प्रदेश संगठन में 75 जिलों और 13 महानगर समेत 98 जिले माने जाते हैं. प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए 50 जिलों में अध्यक्षों का निर्वाचन होना जरूरी होता है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन का रास्ता साफ हो जाएगा. भाजपा जिलाध्यक्ष की नई सूची में छह महिलाएं हैं. सूबे के स्टांप शुल्क पंजीयन राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि इस सूची को घोषित करने से पहले, प्रत्येक जिले में पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारियों और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में जिलाध्यक्षों के नामों पर चर्चा और चयन किया गया है। हालांकि, कई जिलों में अध्यक्ष के चयन को लेकर आपसी खींचतान और सामाजिक समीकरणों के कारण आम सहमति नहीं बन पाई थी, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने अब इसे सुलझाकर हरी झंडी दे दी है। वहीं 26 जिलों की घोषणा बाद में की जाएगी। यह प्रक्रिया पार्टी की संगठनात्मक ताकत को बढ़ाने और चुनावी मैदान में पार्टी के समर्थकों और कार्यकताओं को एकजुट करने में मदद करेगी।












